हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 3 मई 2024

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री


तिफरा स्थित सब्जी मार्केट बनने से पहले ही उजाड़ हो गया। यहां की दुकानों पर बेजाकब्जा कर लिया गया है। निगम अफसर कार्रवाई नहीं कर रहे।



## नगर में आज

### सीएम आज तखतपुर में

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 3 मई को दोपहर 1 बजे तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परसदा (भरनी) आएंगे। श्री साय यहां लोकसभा चुनाव को लेकर जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है। पार्टी कार्यकर्ताओं, जिला व स्थानीय प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली गई है।



### समीक्षा बैठक आज

**बिलासपुर।** जिले में 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए कलेक्टर ने बैठक आहूत की है। ये बैठक न्यू सर्किट हाउस में 3 मई को सुबह 11 बजे होगी। बैठक में निर्वाचन से जुडे सभी अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# यूज्ड तेल से बनाया जाना है बायोडीजल, कलेक्ट करने एजेंसी तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेस्टोरेंट और होटल से लेकर ठेले वह गुमटियों पर यूज्ड तेल के रोक पर है, क्योंकि यह सेहत के लिए खतरनाक है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने इसके लिए निर्देश जारी किया और कहा है कि इस तेल से बायोडीजल बनाया जाना है।



अलग खबर

प्रदेश में इसके लिए अभी तक, लेकिन इंडस्ट्रीज स्थापित नहीं हो सकी है, क्योंकि होटल और रेस्टोरेंट से इस यूज्ड तेल को कलेक्ट करने की कोई एजेंसी ही तय नहीं हो सकी है। बिलासपुर और रायपुर में हालांकि दो कंपनियों ने बायोडीजल बनाने के लिए कंपनी लगाने के लिए आवेदन किया है, लेकिन इस पर भी कोई अंतिम रूप नहीं दिया जा रहा है और यह योजना ठंडे बस्ते में जाती दिख रही है। प्रचार प्रसार के अभाव में भी यह योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। कई बार इस्तेमाल कर दिया गया खाने का तेल स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर संकट है। होटलों, रेस्टोरेंट और हलवाइयों द्वारा बार-बार इस्तेमाल किए जाने के कारण यह तेल जहां लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर पूरी तरह काला पड़ जाने के बाद इस तेल का निस्तारण भी बड़ी समस्या बन गया है। खुली जगहों, नालों और नदियों में फेंक दिये जाने से यह तेल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। इसके लिए केन्द्र और राज्य स्तर पर योजना बनाई गई थी कि इस तेल से बायोडीजल बनाया जाएगा। तीन साल पहले इसमें सख्ती और तेजी भी दिखाई दी। पिछले 3 सालों में सीबीडीएन ने 2800 लीटर तेल कलेक्ट करके शोध किया है। कलेक्ट किए गए तेल के 80 प्रतिशत को बायोडीजल में बदला भी जा चुका है। इसके बाद लेकिन मामला ठंडा हो गया।

» प्रचार प्रसार के अभाव में भी यह योजना दम तोड़ती नजर आ रही, बाजार में हो रहा धड़ल्ले से उपयोग

» 3 सालों में सीबीडीएन ने 2800 लीटर तेल कलेक्ट करते हुए 80 प्रतिशत को बायोडीजल में बदला

### एक दो कंपनियां आगे आईं

एक दो कंपनियों ने इस बारे में पहल की थी। उन्होंने जगह भी देखी है लेकिन फिलहाल होटल और रेस्टोरेंट से इस यूज्ड तेल को कलेक्ट करने की एजेंसी तय नहीं हो सकी है। चुनाव आचार संहिता के बाद इस बारे में और तेजी लाई जाएगी। **- शिव बनर्जी,** अतिरिक्त कलेक्टर

### ◆ विभागीय अधिकारी भी सुस्त पड़ गए

रीपरपस यूज्ड कुकिंग ऑयल (रुको) योजना के तहत उपयोग करने वाले वेंडर के ऊपर खाद और औषधि प्रशासन विभाग को कार्रवाई करना है लेकिन यह भी नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों द्वारा वेंडरों को समझाइश भी दी जानी है, लेकिन ऐसा भी नहीं किया जा रहा है। दुकानदार धड़ल्ले से खुले बाजार में इस तेल को बेच रहे हैं। ठेले, गुमटियों पर सस्ते में मिलने वाले इन खाद्य पदार्थों का लोग भी उपयोग कर रहे हैं, इससे बीमारी की आशंका है। शहर में ही पड़ताल में पता चला है कि छोटे वेंडर वेंडर्स तेल नहीं बदलते हैं। 8-10 दुकानों में जानकारी ली गई तो पाया गया कि उन्हें रुको योजना के बारे में जानकारी नहीं है। देखा गया कि दुकानों में उपयोग हो रहा तेल काला हो चुका था, इनमें से काला धुआं भी निकल रहा था।

### ◆ कौन उपलब्ध कराएगा रा मटैरियल

सबसे बड़ी बात की कंपनियां बिलासपुर, रायपुर में बायोडीजल इंडस्ट्री शुरू करने को तैयार है लेकिन कंपनी को दुकानों से तेल कलेक्ट करने देने की कोई एजेंसी नहीं है। ऐसे में कंपनियां इस बात से संतुष्ट नहीं हो पा रही हैं कि बायोडीजल बनाने के लिए रोजाना रा मटैरियल कौन, कैसे और कितनी मात्रा में उपलब्ध कराएगा। गौरतलब है कि होटल रेस्टोरेंट से 27 रुपए लीटर की दर से उसे यूज्ड तेल की खरीदी होनी है। इसमें जीएसटी भी शामिल है। इधर सूत्रों का कहना है कि बाजार में खुला तेल भी बिक रहा है यह वही यूज्ड तेल है जिसे वेंडर वाले व्यापारियों के हाथों बेच देते हैं। इसी तेल को नए तेल के साथ मिलाकर बेचा जाता है और खुले भाव में बेचकर दोबारा उपयोग किया जाता है।

### ◆ डीजल से बहुत सस्ता है बायोडीजल

ज्ञात हो कि बायोडीजल बनाने के लिए आईआईपी को 30 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से इस्तेमाल के बाद बचा हुआ कुकिंग ऑयल मिल रहा है, जबकि इसकी प्रोसेसिंग में करीब 16-17 रुपए लगते हैं। लिहाजा यह 47 रुपए में बनकर तैयार हो रहा है जो कि मौजूदा समय में पेट्रोलियम से मिल रहे डीजल से काफी सस्ता है। इसके लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने यूज्ड कुकिंग ऑयल से बने बायोडीजल के लिए 52 रुपए 50 पैसे कीमत तय की दी है। हालांकि यूज्ड तेल की खरीदी में अलग अलग स्तर पर चुनौतियां हैं। निजी क्षेत्र की अन्य उत्पाद बनाने वाली कंपनियां सरकार द्वारा तय रेट से अधिक कीमत पर यूज्ड तेल को बाजार से खरीद रही हैं।


हिर्रीमाइन्स खदान में धरना देते कर्मचारी।

## बीएसपी और ठेका कंपनी के बीच उठाव को लेकर चल रहा विवाद

# पहली बार हिर्रीमाइन्स से उठाव बंद 2 माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हिर्रीमाइन्स में 27 साल में पहली बार ठेका कंपनी और बीएसपी के बीच विवाद बढ़ने से ठेका कंपनी ने काम बंद करा दिया है और डोलोमाइट का उठाव नहीं हो रहा है। हर माह 50 हजार टन डोलोमाइट का उठाव करने से बीएसपी प्रबंधन पीछे हट रहा है और ठेका कंपनी ने नुकसान होने का बहाना बना मजदूरों को वेतन देने से मना कर दिया है। कंपनी में काम कर रहे 126 कर्मचारियों को पिछले 2 माह से वेतन नहीं मिला है, इससे उनके सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है।

■ वेतन नहीं मिलने से भरी दोपहरी में दे रहे धरना

संभाग की सबसे बड़ी डोलोमाइट खदान हिर्री माइन्स में मौजूद है, यहां से डोलोमाइट का खनन कर भिलाई स्टील प्लांट भेजा जाता है। खदानों में जहां परमानेंट कर्मचारी हैं, वहीं क्रशर में काम करने के लिए 126 मजदूर रखे गए हैं। जिसमें आपरेटर, पीसी आपरेटर, लोडर, ट्रक मिस्त्री, सुपरवाइजर, हेल्पर और लेबर हैं। इन कर्मचारियों की उम्र 45 से 50 वर्ष के बीच है और ठेका कंपनी ने 8 फरवरी को नोटिस जारी कर काम बंद कर दिया है। बताया जा रहा है कि बीएसपी और ठेका कंपनी मेसर्स अमन सेठी के बीच प्रतिमाह 50 हजार टन डोलोमाइट का उठाव करने का अनुबंध है, लेकिन बीएसपी के द्वारा डोलोमाइट की क्वालिटी और क्वांटिटी को लेकर ठेका कंपनी से महज 30 हजार टन ही डोलोमाइट ले रहा है, जिससे ठेका कंपनी को नुकसान हो रहा और वह अब कर्मचारियों को भुगतान करने से मना कर रही है। कर्मचारियों ने बताया कि 10 मार्च से खदान में काम बंद है, जिसके चलते 126 कर्मचारी बेरोजगार हो चुके हैं, इन कर्मचारियों को 27 साल से बीएसपी ने ही रखा है, लेकिन कर्मचारियों का वेतन ठेकेदार द्वारा प्रदान किया जाता है। ठेका कंपनी और बीएसपी के बीच की लड़ाई में कर्मचारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब कंपनी तक अपनी बात पहुंचाने के लिए मजदूर भरी दोपहरी में पेड़ के नीचे धरना दे रहे हैं,लेकिन इनकी आवाज बीएसपी और जिला प्रशासन तक नहीं पहुंच सकी है।

27 साल में पहली बार आई ऐसी स्थिति


### दाधापारा बिल्हा से हो रहा उठाव

बताया जा रहा है कि दाधापारा, बिल्हा और अन्य क्षेत्रों से बीएसपी डोलोमाइट का उठाव कर रहा है, इस बात की जानकारी ठेका कंपनी को है। ठेका कंपनी 128 मजदूरों का वेतन, स्थापना व्यय और माल वाहकों का किराया, रेक किराया वहन करती है, इधर 20 हजार टन डोलोमाइट का बीएसपी उठाव नहीं कर ठेका कंपनी को कम भुगतान कर रहा है, जबकि दाधापारा और बिल्हा जैसे क्षेत्रों से डोलामाइट उठाने में बीएसपी को खर्च अधिक लग रहा है।

### बना डोलोमाइट का पहाड़

करीब 2 माह से डोलोमाइट का उठाव नहीं होने के कारण हिर्रीमाइन्स की खदान में डोलोमाइट का पहाड़ बन चुका है। बताया जा रहा है कि बीएसपी के कर्मचारी लगातार काम कर डोलोमाइट निकाल रहे हैं। वहीं मजदूरों का वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट आ चुका है। 126 में से कई कर्मचारियों ऐसे हैं, जिन पर लोन बकाया है, वहीं परिवार का भरण पोषण तक नहीं हो रहा है।

### गुणवत्ताहीन है डोलोमाइट है

माइन्स में डोलोमाइट की गुणवत्ता अच्छी नहीं है। इससे अच्छा लाइम स्टोन सस्ते में बाजार में मिल रहा है। कमजोर गुणवत्ता का लाइमस्टोन होने के इस्पात बनाने में परेशानी आ रही है और इस्पात की गुणवत्ता खराब हो रही है, जिसके चलते हिर्री से लाइम स्टोन का उठाव कम किया गया है। उठाव कम के कारण ही ठेकेदार को पेमेंट कम मिल रहा और ठेकेदार मजदूरों का पेमेंट देने में असमर्थता दिखाई है।

**-प्रशांत तिवारी,** पीआरओ, बीएसपी

### करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा है

बीएसपी के द्वारा डोलोमाइट का उठाव नहीं किया जा रहा है, 50 हजार टन के बदले 30 हजार टन का उठाव किया जा रहा है, जो अनुबंध की शर्तों से कम है। इससे हमें करोड़ों रूपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। हमने दो माह पहले ही बीएसपी को इस बारे में चर्चा कर रास्ता निकालने का समय दिया था, लेकिन कंपनी के तरफ से अब तक कुछ नहीं किया गया है, जिसके चलते हमे काम बंद करना पड़ा है। ऐसी हालत में मजदूरों को वेतन नहीं दिया जा सकता है।

**-संजीव कुमार,** साइट इंचार्ज, मेसर्स अमन सेठी ठेका कंपनी

# 2 दिन में मिले पीलिया के 25 मरीज, विभाग कर रहा खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के डीपूपारा, तारबहार में पिछले दो दिन के भीतर 25 मरीज मिले, इन मरीजों की तबियत पानी के कारण ही खराब हुई है। स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में पीलिया और डायरिया दोनों से पीड़ित मरीज मिल चुके हैं, लेकिन विभाग महज खानापूर्ति कर रहा है। बताया जा रहा है कि गुरूवार को 7 मरीज मिले है। इस दौरान 4 मरीजों को जिला अस्पताल और 5 अन्य मरीजों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया गया है। वहीं विभाग ने सैंपल लेकर सिम्स को जांच के लिए भेज दिया है।

अमृत मिशन का पानी लोगों के लिए काल बन रहा है, बताया जा रहा है कि डीपूपारा, तारबहार में खराब पानी पीने की वजह से लोगों की तबियत खराब हो रही है। जहां बुधवार को 16 मरीज पीलिया से पीड़ित पाए गए थे, वहीं स्वास्थ्य विभाग ने करीब 70 घरों का सर्वे कर 7 मरीज पाया है। इसमें पीलिया के लक्षण साफ तौर पर देखने को मिल रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही कुछ मरीजों को डायरिया की शिकायत भी है। स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर और कर्मचारियों ने सर्वे कर सभी मरीजों को दवा का वितरण किया है साथ ही पानी की सफाई के लिए क्लोरिन की दवा बांटी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग सर्वे कर अपना काम कर चुकी है, लेकिन नगर निगम अभी भी खाना पूर्ति करने में लगा हुआ है। तारबहार सहित पूरे शहर में अमृत मिशन का पानी सप्लाई हो रहा है इसके बावजूद निगम ने सैंपल कलेक्ट नहीं किए है। वहीं क्लोरिन की गोली का वितरण नहीं किया है।




### लगा हुआ है निगम का अमला

पानी का टेस्ट किया गया है, पानी ठीक है। शादी का सीजन है जिसके चलते लोगों की तबियत बिगड़ी है। हमने सुरक्षा के तौर पर लावा कंट्रोल के लिए छिड़काव किया है। साथ ही पानी का क्लोरिनेशन कर दिया है। फांगिंग और बीलिंचिंग भी कराई गई है। निगम का पूरा अमला लगा हुआ है।

**-अनुपम तिवारी,** जल शाखा प्रभारी

### सिम्स भेजा गया सैंपल

सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने 5 दिनों के लिए कैंप लगाया है और लगातार क्षेत्र का सर्वे कर रही है। इस दौरान गुरूवार को 7 मरीज मिले है, जिन्हें अस्पताल भेज गया है। वहीं क्षेत्र में पीने के पानी में मिट्टी पाई गई है इसके साथ ही उसकी जांच के लिए सैंपल कलेक्ट कर लिया गया है और जांच रिपोर्ट के लिए सैंपल सिम्स भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्वास्थ्य विभाग इसमें कुछ कर सकेगा, प्रारंभिक तौर पर यह पता चला है कि पीने के पानी के कारण ही लोगों की तबियत बिगड़ी है।

सुमीत बाजार
इस वीक का ऑफर
आज पेपर कटिंग लाने पर

बाजार मूल्य
₹395 से ₹595
प्रति पीस वाली
प्योर क्रेप डिजिटल प्रिंट
कफ्तान लेडिस
गाउन
सभी साईज में उपलब्ध
₹250
2 पीस
*condition apply
ऑफर सिर्फ पेपर कटिंग लाने पर ऑफर स्टॉक रहने तक
प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 पीस (1 सेट)
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

# हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव से मांगा जवाब

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने आरसीआई ट्रेंड टीचर्स एसोसिएशन की पीआईएल में सुनवाई करते हुए स्कूलों में विशेष शिक्षकों की भर्ती पर स्कूल शिक्षा सचिव से 6 सप्ताह में शपथ पत्र पर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई समर वेकेशन के बाद होगी।

आरसीआई ट्रेंड टीचर्स एसोसिएशन ने एक जनहित याचिका एडवोकेट पलाश तिवारी के माध्यम से दायर कर कहा था कि प्रदेश के स्कूलों में सरकार स्पेशल एडुकेटर नियुक्त नहीं कर रही है। 2021 तक प्रदेश के 60 हजार से ज्यादा विशेष जरूरत वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए सिर्फ 888 विशेष शिक्षक ही हैं जबकि सरकारी आंकड़ों के हिसाब से आज लगभग हजारों विशेष शिक्षकों की



जरूरत है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई में अधिवक्ता ने बताया कि यही मामला सुप्रीम कोर्ट भी गया था। इसमें जस्टिस रजनीश पाण्डेय ने सभी राज्य सरकारों को अपने स्कूलों में स्पेशल एडुकेटर नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से इसकी रिपोर्ट भी मंगाई थी। इस निर्णय के दो साल बाद भी छत्तीसगढ़ शासन ने कोई भी कदम नहीं उठाया। इस वजह से यह बच्चें उन स्कूलों में नहीं पढ़ पा रहे हैं जिसका उल्लेख राईट टू एजुकेशन एक्ट में किया गया है।

# एसडीएम अकेले कार्रवाई लिए सशक्त नहीं

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा है कि एसडीएम अकेले कार्यवाही के लिए सशक्त नहीं है। अधिकरण द्वारा मामला नहीं सुने जाने के कारण अकेले एसडीएम द्वारा की गई कार्यवाही शून्य होने से पारित आदेश अपास्त हो गया। याचिकाकर्ता मल्लिका बल द्वारा एसडीएम बिलासपुर द्वारा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के तहत पारित आदेश को रिट याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई। इसमें याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुनील कुमार सोनी ने पैरवी की। अधिनियम 2007 के तहत अधिकरण में एसडीएम अध्यक्ष एवं तीन सदस्य के अतिरिक्त एक समन्वयक का होना आवश्यक है। अधिकरण के कोरम में कुल पांच लोगों द्वारा मामले की सुनवाई की जानी चाहिए, परन्तु चुनौती दिए आदेश में याचिकाकर्ता ने न्यायालय को अवगत कराया कि 69 सुनवाई में अकेले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलासपुर ने ही प्रकरण में उभयपक्षों को सुना, किन्तु अंतिम आदेश पारित करने के दौरान सभी अन्य सदस्यों के हस्ताक्षर आदेश में किया जाना अधिनियम की धारा 7 के विपरीत है, जबकि जिन सदस्यों ने किसी भी कार्रवाई में सुनवाई नहीं की है तो अंतिम आदेश में हस्ताक्षर कैसे हो सकते हैं। हाईकोर्ट ने ऐसी कार्यवाही को केवल एसडीएम बिलासपुर द्वारा अकेले ही किया जाना पाया न कि अधिकरण द्वारा अतः प्रकरण को दोबारा सुनवाई के लिए प्रकरण को रिमांड कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में डा. दीवान को सर्वश्रेष्ठ रिसर्च पेपर अवार्ड



**बिलासपुर।** कॉन्फ्रेंस कलिंगा यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ऑन फ्यूचर एस्पेक्ट्स ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईसीएफएससी 2014) में डा. तरुण धर दीवान को सर्वश्रेष्ठ रिसर्च पेपर अवार्ड प्रदान किया गया। उन्हें यह अवार्ड उनके रिसर्च इन्वेस्टिंग परफॉर्मेंस पार्शियल सिलेक्शन इन एनालिसिस सिमुलेशन एंड एनालिटिकल रिजल्ट के लिए दिया गया है। डा. दीवान को रिसर्च क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पहले भी यंग साइंटिस्ट अवार्ड, बेस्ट इनोवेशन अवार्ड एवं नीति आयोग भारत सरकार द्वारा भी कई पुरस्कार मिल चुका है। डा. दीवान को न्यू इन्नोवेशन, यूनीक आइडिया एवं न्प्लानिंग के लिए भी पुरस्कार मिल चुका है। इस कांफ्रेंस में कई देश विदेश एवं अन्य शोधार्थी, प्रोफेसर ने रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए, उनमें से डा. दीवान के रिसर्च पेपर को सर्वश्रेष्ठ रिसर्च पेपर के साथ एक्सीलेंट एनोवेशन के लिए अवार्ड दिया गया। अभी वर्तमान में डा. तरुण धर दीवान अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक एवं जनसंपर्क अधिकारी का कार्यभार संभाल रहे हैं।

### बच्चों के लिए आर्ट एण्ड क्राफ्ट का 7 दिवसीय कैंप 8 से



**बिलासपुर।** समर वेकेशन में बच्चों को व्यस्त रखने और उनकी प्रतिभा को निखारने हर अभिभावक प्रयास करता है। इसके लिए स्कूलों सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जाता है, जहां बच्चों को उनकी पसंद के कार्य कराए जाते हैं और उन्हें अलग नॉलेज देने की कोशिश की जाती है। इसी कड़ी में आओ बनाएं कबाड़ से कमाल आर्ट एण्ड क्राफ्ट का 7 दिवसीय समर कैंप 8 मई से सूर्यवंशी भवन जूना बिलासपुर में प्रारंभ किया जा रहा है। शिविर के आयोजक डा. सुरभी ने बताया कि इस कैंप में कक्षा 5 वीं से कक्षा 8 वीं तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। आर्ट एण्ड क्राफ्ट के लिए अपने साथ फेविकोल, कैंच धागा लेकर आना होगा। यह कैंप सुबह 8.30 बजे से 10 बजे तक रहेगा। इसमें प्रशिक्षक रमाकांत सोनी बच्चों को कबाड़ से सुंदर व उपयोगी चीजे बनाने का प्रशिक्षण देंगे। जिसका उपयोग घर में आसानी से कर सकते हैं।

### अटल यूनिवर्सिटी ने राजनीति विज्ञान में पूनम को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय ने पूनम ज्ञान चंदानी को राजनीति विज्ञान में डाक्टर आफ फिलासफी अवार्ड से सम्मानित किया है। उन्होंने एयू से शोध निर्देशक डा. एसएल निराला के निर्देशन में राजनीति जागरुकता में प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया की भूमिका एक अध्ययन छग के विशेष संदर्भ में अपना शोध कार्य पूरा किया है। वे ज्योति ज्ञान चंदानी की पुत्री हैं।

### सतकाल धर्म कल्याण युग सर्वोदय अभियान 8 को

**बिलासपुर।** विश्व भारती युग जागरण युग क्रांति सतकाल धर्म दीक्षा एवं सतयुग प्रचार मंच द्वारा 8 मई को सतकाल धर्म कल्याण युग सर्वोदय अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें 15 लघु अभियान शामिल हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर संपन्न होंगे। मंच के अनुसार इस अभियान के अंतर्गत लघु अभियानों में युग प्रतिकार युग जागरण सतकाल धर्म का प्रचार पत्र वितरण अभियान, युग शुद्धि एवं युग समृद्धि अभियान, युग समय तर्पन, युग समय का हवन अभियान, युग विसर्जन अभियान, युग विघटन युग, मंथन- युग समय का पुतला दहन अभियान, युग तिरस्कार सतकाल धर्म का उपदेश विचार अभियान, युग स्मरण युग साधना युग का सवा सौ स्तूप स्थापना, सदस्यता अभियान आदि शामिल हैं।

## अरपा सहित शहर के सभी तालाब जलकुंभी से पटे, नजर आ रहा घास का मैदान



**बिलासपुर।** जीवनदायिनी अरपा सहित शहर के सभी प्रमुख तालाब जलकुंभी से पट गए हैं। एकबारगी देखने पर ये घास के मैदान की तरह नजर आते हैं। शहर के नाला नालियों का पानी अरपा सहित इन तालाबों में आता है, जिसकी वजह से पानी दूषित होता है और बदबू आती है। इंदिरा सेतु से लेकर छठ घाट तक अरपा में जलकुंभी की चादर बिछी है। हरे मैदान में कहीं कहीं पानी के दर्शन हो जाते हैं। यही स्थिति शहर के सभी प्रमुख तालाबों की है। जलकुंभी, कचरा और कीचड़ से भरे इन तालाबों से गंध आती है।

**सरकारें बदली पर नदी और तालाबों की तस्वीर वहीः** पिछली सरकार ने अरपा सहित शहर के सभी तालाबों से जलकुंभी और कचरा साफ करने किराए पर मशीन मंगाई थी। नदी और पोखरों की तस्वीर तो नहीं बदली, लेकिन कुछ दिनों तक सफाई के बाद मशीन का इस्तेमाल लगभग बंद हो गया। नई सरकार ने तो इस मशीन को वापस भेज दिया।

### तस्वीरें खिंचाने तक सीमित सौंदर्यीकरण का काम



नदी और तालाबों में प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं अन्य कचरा इतनी मात्रा में फेंका जा रहा है कि घाटों के समीप पानी ही नजर नहीं आता। तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर कुछ दिन सफाई की जाती है, फिर सब ठप हो जाता है। सामाजिक संगठन भी समय समय पर सफाई अभियान चलाते हैं, जो पर्याप्त नहीं होता। ये तस्वीर तोरवा स्थित तालाब की है।

**नहीं सुधर रहे लोग:** चौक चौराहों पर लगे कैमरे से रख रहे नजर, घरों में भेजे रहे ई-चालान

## 4 माह में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले साढ़े 16 हजार लोगों पर 1 करोड़ 19 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विगत चार माह में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 16 हजार 554 लोगों से 1 करोड़ 19 लाख 55 हजार 500 रुपए जुर्माना किया गया है। उसके बाद भी लोग बेखौफ होकर ट्रैफिक नियम तोड़ रहे हैं। चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे से ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन सवारों के घरों में पोस्ट आफिस के माध्यम से ई चालान भेजकर जुर्माना वसूल किया जा रहा है। महानगर की तर्ज पर शहर के चौक चौराहों पर हाइटेक सीसीटीवी कैमरा लगाया है। आईटीएमएस कंट्रोल रूम से ट्रैफिक पुलिस नियम तोड़ने वालों पर नजर रखती है। इस दौरान तीन सवारी, रेड लाइट जंप, काली फिल्म सहित अन्य नियम तोड़ने वालों की तस्वीर कैद की जाती है। उसके बाद पोस्ट आफिस के माध्यम से फोटो सहित लोगों के घरों में ई चालान भेजा जा रहा है। आलम ये है सीसीटीवी कैमरा लगने के बाद भी लोग नहीं सुधर रहे हैं। चार माह में ट्रैफिक नियम तोड़ते 16 हजार 554 लोगों पर कार्रवाई की गई है। हर माह ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की संख्या कम होने बजाए बढ़ती जा रही है।



### हर महीने बढ़ रहे नियम तोड़ने वाले

| | | |
|---|---|---|
| जनवरी | - 2 हजार 320 | - 23 लाख 24 हजार 300 |
| फरवरी | - 3 हजार 825 | - 26 लाख 35 हजार 200 |
| मार्च | - 5 हजार 531 | - 37 लाख 64 हजार 100 |
| अप्रैल | - 4 हजार 868 | - 32 लाख 31 हजार 900 |

### साढ़े 16 हजार लोगों पर कार्रवाई

सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर नजर रखी जा रही है। चार महीने में 16 हजार 554 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 करोड़ 19 लाख 55 हजार 500 रुपए शमन शूल्क वसूल किया गया है। नियम तोड़ने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

-संजय साहू, ट्रैफिक डीएसपी

#### नेहरू चौक से शेफर्ड स्कूल चौक



एसपी आफिस के पास मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। उसके बावजूद नेहरू चौक से शेफर्ड स्कूल तक सड़क के दोनों ओर लाइन से चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं। ट्रैफिक पुलिस लगातार लिफ्टिंग कर वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उसके बाद भी स्थिति की जस की तस रहती है। प्रतिदिन सुबह से शाम तक सड़क के दोनों ओर चार पहिया वाहन नो पार्किंग में खड़े रहते हैं।

#### जिला सहकारी बैंक के सामने



नेहरू चौक से महाराणाप्रताप चौक तक 24 घण्टे ट्रैफिक का दबाव रहता है। एक ओर जिला सहकारी बैंक के सामने आधी सड़क तक वाहन खड़े रहते हैं। वहीं दूसरी ओर विकास भवन में पार्किंग की व्यवस्था होने के बाद भी लोग सड़क में वाहन खड़े करते हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दोनों जगहों पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

#### अग्रसेन चौक से बस स्टैण्ड तक



अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैण्ड तक पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं है। इस रास्ते पर खरीददारी करने जाने वाले लोगों को वाहन खड़ा करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सर्वाधिक परेशानी शाम को होती है। इस मार्ग में आधा दर्जन से अधिक होटल संचालित हो रहे हैं। होटल में पार्किंग की व्यवस्था होने के बाद भी आधी सड़क पर चार पहिया वाहन खड़े रहते है।

## आसमान से बरस रही आग, लू को लेकर अलर्ट जारी

**बिलासपुर।** धूप की प्रचंड किरणें लोगों को तपा रही है। आसमान से बरसती आग के आगे राहत पाने के सभी जतन कम पड़ रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण लू चल रही। मौसम विभाग ने भी इसे लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों में तापमान तीन डिग्री तक बढ़ सकता है।

तेज धूप और गर्म हवाओं से लोगों का हाल बेहाल है। भीषण गर्मी के बढ़ने के बाद लोगों को लू से बचाव के लिए अलर्ट किया गया है। बुधवार की अपेक्षा गुरूवार को बिलासपुर का तापमान 40.4 डिग्री दर्ज किया गया, यह आंकड़ा सामान्य से 3 डिग्री भले कम है लेकिन सूरज की तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया है। हालत यह है कि घर से बाहर निकलने से पहले लोगों को सोचना पड़ रहा है। गर्मी के कारण ही बाजार में भी चहल-पहल काफी कम हो गया है। माना जा रहा है कि पारा अभीऔर चढ़ेगा तब झुलसाने वाली गर्मी पड़ेगी। मौसम विशेषज्ञ डा. एचपी चंद्रा के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त हवाओं की मात्रा में कमी होने के कारण प्रदेश में 3 मई को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।



### सतर्क रहना होगा

भीषण गर्मी के बीच आने वाले दिनों में अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी। डाक्टरों का कहना है कि तेज गर्मी के बीच लू लगने का खतरा रहेगा। ऐसे में तेज धूप के बीच बाहर निकलने से बचना ही उचित रहेगा। यदि आवश्यक ही हो तो जरूरी सावधानियों को अपनाकर बाहर निकलना ही हितकर रहेगा। वहीं बच्चों को बाहर ले जाने या बाहर जाने देने से रोकना होगा, क्योंकि वे अधिक संवेदनशील होते हैं। इधर धूप के कारण मवेशी भी परेशान हैं।

## मतदान करने वालों को होटल रेस्टोरेंट्स में मिलेगी 10% छूट



**बिलासपुर।** मतदान करने वाले लोगों को शहर के चुनिंदा होटल और रेस्टोरेंट्स में 7 मई को मतदान के दिन बिल पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह निर्णय बिलासपुर हॉटल एवं रेस्टोरेंट संघ ने स्वीप अभियान में हिस्सेदारी निभाते लिया है। संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण से मुलाकात कर उन्हें इस निर्णय से अवगत कराया। कलेक्टर ने संघ के इस निर्णय की सराहना करते हुए बिल में 10 प्रतिशत की छूट के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि इससे लोग मतदान के लिए प्रेरित होंगे। लाभ पाने के लिए मतदाताओं को अमिट स्याही लगी उंगली दिखानी होगी। 10 प्रतिशत की छूट केवल उन ग्राहकों को मिलेगी जो रेस्टोरेंट में बैठकर खाना खाएंगे। मुलाकात के दौरान निगम आयुक्त अमित कुमार, बिलासपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सनी आजमानी, सचिव प्रतीक उपवेजा, वाइस प्रेसीडेंट अंकित छाबरा, अनिल कंजानी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### बाइक रैली निकालकर किया जागरुक



आगामी लोकसभा चुनाव में शतप्रति मतदान करने वंदे मातरम मित्र मंडल ने केसरिया जैकेट पहनकर, हेलमेट लगाकर नगर के नागरिकों को जागरूक करने लाल बहादुर शास्त्री स्कूल से बाइक रैली निकाली। मंडल के संयोजक महेन्द्र जैन ने बताया कि रैली पूर्ण अनुशासित पंक्तिबद्ध शास्त्री स्कूल से निकलकर गोल बाजार, सदर बाजार, देवकीनंदन चौक, रामसेतु सरकंडा, महामाया चौक, इंदिरा सेतु, नेहरू चौक, राजेंद्र नगर, चौक सत्यम चौक होते हुए पुराना बस स्टैंड, टैगोर चौक, टिकरा पारा, जगमल चौक, दयाल बंद होते हुए गांधी चौक पर समाप्त हुई। सभी महिलाएं एवं पुरुष केसरिया जैकेट में व बाइक सवार हेलमेट लगाकर रैली में सम्मिलित हुए।

### ज्येष्ठ नागरिक संघ ने किया जागरूक




लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान को लेकर नवजीवन हास्य योग केन्द्र एवं ज्येष्ठ नागरिक संघ ने मतदान जागरूकता के लिए दीनदयाल गार्डन व्यापार विहार में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर नवजीवन हास्य योग केन्द्र के राजू अग्रवाल, कन्हैया विधानी, राजू सुल्तानिया, नरेश सुल्तानिया, नारायण विधानी, डीपी गुप्ता, दर्शन सिंह, आरपी मिश्रा, अरविन्द दीक्षित, अरविन्द दीवा कीर्ति, देवेन्द्र शर्मा, बाल गोविन्द अग्रवाल, प्रभात मिश्रा, मोहन देव पुजारी, डॉ सुधाकर बिबे, धनसिंह ठाकुर, मंजुला गुहा, प्रेम लता राजपूत, सुरेश शर्मा, वाय डी दीवान, राकेश बाकरे, निशेष वर्मा, नित्यानंद अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### स्पेशल केयर सेंटर के शिक्षकों ने ली शपथ




तिलक नगर स्थित श्री स्पेशल केयर सेंटर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की प्राचार्य शिवानी विठालकर ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत संस्था में अध्ययनरत 18 साल से अधिक आयु के बच्चे व शिक्षकों को 7 मई को मतदान करने शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान यहां 50 से अधिक बच्चे शिक्षण प्रशिक्षण ले रहे हैं। यहां पढ़ने अध्ययनरत 18 साल से अधिक आयु के बच्चों को गुरुवार को मतदन क्या है? एवं मतदान क्यों किया जाना चाहिए? की जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षिका पदमा शिवठाकर, आरती साहू, नीमा भानेश्वर, आशा तिवारी, चंचल शर्मा, विजयश्री, उमेश नवरंग, राजेन्द्र प्रसाद आदि ने मतदान करने की शपथ ली।

### कंपनी गार्डन में चला अभियान




गुरुवार को आनंद सागर सेवा प्रवाह के सदस्यों ने विवेकानंद उद्यान कंपनी गार्डन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इसमें अलग-अलग संस्था के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने शपथ ली कि हम अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे और अपनी सरकार बनाएंगे। ग्राम मुरैना में भी मतदान करने लोगों को जागरूक किया गया था। इस मौके पर आनंद सागर सेवा प्रवाह के अध्यक्ष डॉ सुषमा पंड्या, उपाध्यक्ष सुमित दास गुप्ता, संरक्षक कविता शर्मा, पं. बाबूलाल पंड्या एवं कंपनी गार्डन के कार्यक्रम में आनंद लाफ्टर क्लब के अध्यक्ष, सचिव कुलदीप सिंह, आजाद लाफ्टर क्लब के सदस्य श्री कुपटकर, चंद्रप्रभा सहित उद्यान में ओपन जिम के सदस्य उपस्थित थे।

### संकल्प महोत्सव में जुटेंगे संगठन आज

स्वीप संकल्प महोत्सव मतदाता जागरूकता शत प्रतिशत मतदान अभियान जिला निर्वाचन प्रशासन बिलासपुर एवं हरिहर ऑक्सीजोन वृक्षारोपण अभियान समिति द्वारा शुक्रवार 3 मई को प्रार्थना भवन में आयोजित किया गया है। इसमें क्षेत्र विशेष में कार्य किए हुए सामाजिक सरोकार संगठनों का प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनीश शरण कलेक्टर बिलासपुर, रजनीश सिंह पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार आयुक्त नगर निगम बिलासपुर, आरपी चौहान सीईओ जिला पंचायत बिलासपुर, डॉ एलसी मढ़रिया, डॉ विनोद तिवारी, डॉ केके साव, सचिन यादव होंगे। कार्यक्रम संयोजक भुवन वर्मा, सह संयोजक डॉ शंकर यादव हैं।

छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से दर्शन करने अमरकंटक पहुंच रहे श्रद्धालु

## तेलुगू समाज के 700 श्रद्धालुओं ने की अमरकंटक में नर्मदा पुष्कर यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमरकंटक के मां नर्मदेश्वर मंदिर में 1 मई से 12 मई तक पुष्करालु महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए बिलासपुर सहित छग एवं देश के विभिन्न राज्यो से श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इसके तहत बिलासपुर के रेल्वे परिक्षेत्र रामलीला मैदान से गुरुवार को तेलुगू संयुक्त समाजम द्वारा 15 बसों से लगभग 700 श्रद्धालु पवित्र नर्मदा पुष्कर की यात्रा करने अमरकंटक पहुंचे। इस पुण्य यात्रा में श्रद्धालु महिलाएं, बुजुर्ग एवं बच्चे भी शामिल थे।

तेलुगू संयुक्त समाजम के अध्यक्ष बी वेणुगोपाल राव एवं सचिव वी मधुसूदन राव ने बताया कि अमरकंटक में यह महोत्सव पुष्करालु 1 मई से 12 मई तक चलने वाला है जो कि आंध्र प्रदेश के विभिन्न जिलों जिसमें विशाखापट्नम, राजमंड्री, विजयनगर, हैदराबाद, विजयवाडा, अनकापिल्ली, काकीनाड़ा, तूनी, अन्नवाराम, विजयनगरम, श्रीकाकोलमम, गुंटूर, खम्माम, सितापल्ली, अजिलाबाद, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु के आसपास के गांव से भी पवित्र नर्मदा पुष्कर अमरकंटक के पुण्य क्षेत्र पहुंच रहे हैं। साउथ के अलावा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, वेस्ट बंगाल, झारखण्ड, महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों से भी आ रहे हैं। श्रद्धालु उदम कुंड का भी दर्शन किए।



उन्होंने बताया कि गर्मी को देखते हुए पानी का इंतजाम, रास्ते में सभी श्रद्धालुओं के लिए चाय- नाश्ता का इंतजाम किया गया। सभी श्रद्धालु मां नर्मदेश्वर मंदिर के प्रांगण अमरकंटक पहुंच कर पूजा अर्चना की। इस पुण्य क्षेत्र का विशेष महत्व यह है कि नर्मदा नदी में जितना स्नान करने से पुण्य मिलता है, उतना ही यहां पहुंचकर किनारे खड़े होकर श्रद्धा से प्रणाम करने मात्र से ही करोड़ों का पुण्य मिल जाता है। सभी श्रद्धालुओं ने यह पुष्करालु सुखद पुण्य यात्रा किया। पुष्करालु पर्व को गंगा पुष्करम के नाम से भी जाना जाता है। तेलुगू संयुक्त समाजम के अध्यक्ष श्री राव ने बताया कि यह एक ऐसा पर्व है जो प्रत्येक 12 वर्ष में ग्रहों के गोचर के विशेष संयोग के कारण आता है। यह पर्व 2024 में 1 मई से 12 मई तक मनाया जा रहा है। यह बारह दिन अत्यंत शुभ माना जाता है। सभी श्रद्धालुओं के लिए पूजा, अर्चना एवं स्नान के बाद आयोजन समिति द्वारा भोजन की भी व्यवस्था और वापसी में भी चाय-नाश्ता एवं पानी की व्यवस्था किया गया।

### इनका रहा सहयोग

इस पवित्र नर्मदा पुष्कर यात्रा अमरकंटक को सफल और सुखद यात्रा करने के लिए तेलुगू संयुक्त समाजम के पदाधिकारी, सदस्य एवं समाज के बी वेणु गोपाल राव, व्ही मधुसूदनराव, रविकन्ना, के वेंकट राव, एस श्रीनिवास राव, सी चंद्रशेखर राव, आर श्रीनिवास राव, एल पद्मजा, आर विभा राव, नागू, व्ही रवि, व्ही श्यामू, एस मुकेश राव, डीके, डी श्रीनिवास मूर्ति, पी वेणु गोपालराव, जे जग्गन, एन संतोष, एन नरसिंग मूर्ति, एन लोकेश, सुरेश पट्टनाला, ए गनपति राव, एम जग्गनाथ (डब्बू), एन रमन्ना मूर्ति, जी सन्मुख राव, बी मोहन राव, एम के पटनायक, ए कृष्णा राव, ई जनार्धन राव, व्ही श्रीनू, एम जी राव, एस सूर्यनारायनना, जी व्ही रमणा, गोपाल कृष्णा, एम गोविंद, अनिल कुमार नायडू, व्ही वेंकट, अन्नू, पार्वती आदि का सहयोग रहा।

2- MAY- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 5/3/2024 12:15 AM Page 1


बिलासपुर, शुक्रवार 3 मई 2024

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




2 अरपा सहित शहर के सभी तालाब जलकुंभी से पटे, नजर आ रहा घास का मैदान

**सम्मान**

## गुरुद्वारा दयालबंद में डॉ चरनजीत का सरोपा देकर किया गया सम्मान



**बिलासपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद बिलासपुर में धन धन श्री गुरु अर्जुन देव के पावन प्रकाश पूरब पर भारत गौरव रत्न श्री सम्मान से सम्मानित डॉ चरनजीत सिंह गंभीर का सम्मान गुरु घर का सर्वोच्च सम्मान सरोपा देकर किया गया। यह सम्मान गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी मान सिंह वडला के हाथों प्रदान किया गया।

> भारत गौरव रत्न श्री सम्मान से सम्मानित है गंभीर

इस अवसर पर गुरुद्वारा दयालबंद के पूर्व प्रधान नरेंदर पाल सिंह गांधी ने कहा कि बिलासपुर और छत्तीसगढ़ सिख समाज के लिए यह अत्यंत गौरव और खुशी का विषय है कि गुरुद्वारा दयालबंद के प्रबंधक कमेटी के सहसचिव चरनजीत सिंह गंभीर को भारत गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। वहीं आनरेरी डाक्टरेट की मानद उपाधि के साथ ही वर्ल्ड हूमेन राइट प्रोटेक्शन कौसिल की आजीवन सदस्यता दी गई है। इसके लिए उन्होंने समाज और प्रबंधक कमेटी की तरफ से बधाई दी। पोंटा साहिब से आए भाई अर्जुन सिंह ने भी मंच से डॉ चरनजीत सिंह गंभीर को सम्मान के लिए आगे बढ़कर सेवा कार्य करने का आग्रह करते हुए साधुवाद दिया।

# शुक्र ग्रह के अस्त होने से मई-जून में शादी का एक भी मुहूर्त नहीं

### उदित होने पर जुलाई में बज सकेगी शहनाइयां

इस साल अक्षय तृतीया 10 मई को पड़ रहा है। इस दिन ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही शहर के मैरिज भवनों में भी भारी संख्या में विवाह होंगे। छत्तीसगढ़ी रस्मों-रिवाज के लिए उपयोग में आने वाले बांस से बने सूपा, पर्रा, टोकनी, तोरण, कटार, रंग-बिरंगी पंखे, सितारों से बने मोर-मुकुट, पूजन सामग्री और दूल्हन के लिए साड़ियों का बाजार सज चुका है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अक्षय तृतीया के मद्देनजर लोग हर दिन शादी की खरीददारी करने शहर परिवार समेत पहुंच रहे हैं। शादी का सीजन होने के कारण सराफा, बर्तन और रेडीमेड कपड़ों की बिक्री में 30 फीसदी तक की बढ़ोतरी बताई जा रही है। थोक कपड़ा व्यापारियों ने बताया कि अक्षय तृतीया पर मांग को देखते हुए में महानगरों से दूल्हा-दूल्हनों के लिए विशेष कपड़े सहित अन्य कई वैरायटीज की साड़ी, सूट, मंगाए गए हैं। सबकी रेंज अलग-अलग है। इसकी लोग अपनी पसंद व बजट के अनुरूप खरीददारी कर रहे हैं।



### मुहूर्त अब सीधे जुलाई में

शादियों का शुभ मुहूर्त अब सीधे जुलाई में मिलेगा। 9 से 15 तक जुलाई में मुहूर्त है। इसके बाद 16 जुलाई से 12 नवंबर तक चातुर्मास रहेगा। जिसमें मांगलिक कार्य फिर से वर्जित होंगे। इसके बाद नवंबर में 17, 18 एवं 22 से 26 तक, दिसंबर में 2 से 5 तक व 9, 10, 11, 13, 15 को मुहूर्त है। इसके पूर्व एक मई से लेकर 8 जुलाई तक किसी भी तरह के मांगलिक कार्य नहीं होंगे। पंचांग के अनुसार 29 अप्रैल को रात 11 बजकर 13 मिनट पर शुक्र अस्त हो गया है। इसके 7 वें दिन यानी 6 मई को रात करीब 11 बजे गुरु भी अस्त हो जाएगा। गुरु का उदय 3 जून को होगा और वैभव के कारक ग्रह शुक्र 28 जून को उदित होगा। इसके बाद भी 10 दिनों तक मांगलिक कार्यों के लिए मुहूर्त नहीं रहेगा। जुलाई महीने में 9 तारीख से फिर से शादी के लिए विवाह मुहूर्त की शुरुआत होगी।

### देव शक्तियों का नहीं मिल पाता आशीर्वाद

आचार्य पं. गिरधर शर्मा ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र में शुक्र ग्रह अस्त होना अच्छा नहीं माना जाता है, इसलिए वैवाहिक काम नहीं होना चाहिए। यह शास्त्र के विपरीत भी है। उन्होंने बताया कि शुक्र ग्रह के अस्त होने से देव शक्तियां सुप्त अवस्था में चली जाती है, इसलिए उनका आशीर्वाद नहीं मिल पाता है। देवता का आशीर्वाद नहीं मिलने से मांगलिक कार्य में सफलता नहीं मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसी स्थिति में धार्मिक कार्य किए जा सकते हैं पर मांगलिक कार्य एकदम वर्जित रहता है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुक्र के अस्त होना एक ऐसी स्थिति है, जब शुक्र सूर्य के करीब आ जाता है।

### मांगलिक मुहुर्त पर लगा विराम



शुक्र ग्रह अस्त होने के साथ ही मांगलिक मुहूर्त पर अब विराम लग चुका है। 24 सालों के बाद माह मई, जून में एक भी दिन विवाह का मुहूर्त नहीं है। इसकी वजह दोनों महीनों में शुक्र ग्रह का अस्त होना है। शुक्र उदित होने के बाद जुलाई में ही विवाह मुहूर्त शुरू होंगे। ऐसी स्थिति वर्ष 2000 में भी बनी थी। तब भी मई, जून माह में कोई विवाह मुहूर्त नहीं था। इसका शहर के मैरिज भवनों पर असर पड़ सकता है। इस साल मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त पिछले साल की तुलना में कम है।

**समर कैंप**

## बचपन प्ले स्कूल में नए बैच का आयोजन



**बिलासपुर।** बचपन अ प्ले स्कूल मंगला में नए बैच का आयोजन किया गया है। यह आयोजन बचपन अ प्ले स्कूल और अचीवर्स पब्लिक स्कूल में किया जा रहा है। इस कैंप में मार्शल आर्ट, एरोबिक्स, अबेकस, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, फोनिक्स, गुड मैनर्स, टेबल एटिकेट्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, गुड एंड बेड टच शेशन, स्पोकन इंग्लिश, फोनिक्स, म्यूजिक इत्यादि बच्चों को सिखाया जाएगा। जिसके द्वारा बच्चों के अंदर की प्रतिभा को उजागर करने का प्रयास किया जा रहा है। इतना ही नहीं बल्कि 7 वर्ष से 20 वर्ष तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास कंठ, संगीत, गिटार, कैशियो जैसी कलाओं का भी विकास किया जा रहा है। 5 से 15 वर्ष के बच्चों के माइंड एक्सरसाइज अर्थात अबेकस ट्रेनिंग की भी कक्षा का आयोजन किया गया है। जिसमे कई प्रकार की प्रतियोगिताएं भी रखी गई हैं, बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं जिन्हें जो आकार दे दिया जाए उसी में ढल जाते हैं। तो क्यों न हम मिलकर अपने बच्चों को ज्ञान के प्रकाश में नहलाएं अलग अलग ज्ञान के अमृत में नहलाकर उन्हें उचित आकर दें। ये कक्षाएं 1 मई से 15 जून तक संचालित रहेंगी।

> कक्षाएं 1 मई से 15 जून तक संचालित रहेंगी

**स्पोर्ट्स न्यूज**

## बेसबॉल रीजनल राउंड प्रतियोगिता संपन्न



**बिलासपुर।** एमएलबी कप मेजर लीग बेसबॉल रीजनल राउंड प्रतियोगिता 2 मई तक आधारशिला सैनिक स्कूल एवं छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में आयोजित किया गया। बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष ने बताया कि एमएलबी कप रीजनल राउंड प्रतियोगिता में 12 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रतियोगिता के प्रथम दिन छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में पहला मैच बिलासपुर बेसबॉल क्लब एवं सांदीपनी पब्लिक स्कूल मस्तूरी के बीच खेला गया। जिसमें बिलासपुर बेसबॉल क्लब के खिलाड़ियों ने बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन कर मैच में शुरुआत से ही अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी एवं सांदीपनी पब्लिक स्कूल के टीम को एक भी रन नहीं बनने दिया। इस मैच में अभिराज, अभीतेज, सोनाली,संदीप, सत्य प्रकाश,विशाल शान,पी.मुक्तेश, परिधि ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच को सांदीपनी पब्लिक स्कूल से एक तरफा जीत हासिल की मैच के स्कोर 22-00 रहा। वहीं दूसरा मैच महर्षि विद्या मंदिर स्कूल एवं सांदीपनी पब्लिक स्कूल के बीच रहा, जिसमें दोनों ही टीमों ने जीतने के लिए एक दूसरे के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते देखा गया एवं महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के बेसबॉल खिलाड़ियों ने मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए मैच को सांदीपनी पब्लिक स्कूल से 10-0 से जीत हासिल की। इन सभी मैच के निर्णायक के रूप में अंकुर रजक योगेंद्र यादव आकाश कश्यप आयुष केसरवानी मुकेश कश्यप अर्जुन सिंह कुर्रे अपनी भूमिका निभाई।

> रीजनल राउंड प्रतियोगिता में 12 टीमों ने लिया भाग

## जीवन में श्रेष्ठ विचारों का महत्व, रखें हमेशा सकारात्मक सोच: बीके संतोषी

हमारे जीवन में विचारों का बहुत बड़ा योगदान है। विचार हमारे जीवन को ढालते है, हम लगातार सोचते रहते हैं और जो सोचते हैं वह किसी को दिखाई भी नहीं देता लेकिन वह बहुत गुप्त रीति से जीवन का निर्माण करता जाता है। हमारे विचार जैसे होते हैं वैसा ही हमारा जीवन बन जाता है।



**बिलासपुर।** उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारिज की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन सेवाकेंद्र में आयोजित पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर में बीके संतोषी दीदी ने कहा। सोचने की शक्ति या मन एक बहुत बड़ी शक्ति है हर मनुष्य आत्मा अलग-अलग सोचती है। सोचने का कार्य तो चलता ही रहता है। इस समय भी आप सुन रहे हैं, सोच रहे हैं पर हर आत्मा भिन्न-भिन्न प्रकार से सोचती है। हम सभी आत्मा रूप में तो एक जैसे हैं ज्योति स्वरूप एक सितारा, लेकिन फिर भी हर आत्मा दूसरे से भिन्न है क्यों क्योंकि हर एक आत्मा में मन बुद्धि संस्कार अलग-अलग है। हमारे मन में भी दो प्रकार के मन चेतन और अवचेतन मन है हमारा चेतन मन जिसमें 10 प्रतिशत शक्ति है पर हमारा अवचेतन मन जिसमें 90 प्रतिशत है। आज भी शिविर के दूसरे दिन बच्चों को वैल्यू बेस क्लास के अंतर्गत अपने मन को शक्तिशाली कैसे बनाएं कॉन्शियस माइंड और सबकॉन्शियस माइंड की पावर क्या है और अपने सबकॉन्शियस माइंड को हम कैसे पावरफुल बनाएं सिखाया गया।

### विचारों को दोहराएं

प्रतिदिन सुबह उठते ही बच्चों को इन विचारों को दोहराएं, जिससे उनके कॉन्फिडेंस पावर, याददाश्त, कंसंट्रेशन पावर आदि में वृद्धि होगी। मनोरंजन भाई एवं नमिता बहन ने बच्चों को सूर्य नमस्कार करवाया। सरनजीत भाई ने बच्चों को एरोबिक्स करवाया। सुनील लालवानी, हरीश भाई ने बच्चों को गेम करवाया।

## परशुराम जन्मोत्सव पर आकर्षक झांकी के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**बिलासपुर।** समग्र ब्राम्हण समाज द्वारा इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव अत्यंत धूमधाम मनाने व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इसे कार्यरूप देने गुरुवार को सीएमडी चौक स्थित आईएमए हॉल में समाज की एक बैठक हुई। इसमें तीन दिवसीय परशुराम जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

ब्राम्हण समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने बताया कि परशुराम जयंती कार्यक्रम 9 मई से आरंभ हो जाएगा। इस दिन प्रार्थना भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिक्षक संघ से जुड़े समाज के लोग भी रक्तदान शिविर आयोजित करेंगे। 10 मई को ब्राम्हण समाज के सभी लोग अपने-अपने घर में भगवान परशुराम की पूजा कर 5-5 दीपक जलाएंगे। इमलीपारा स्थित कान्य कुब्ज भवन में हवन कर भंडारा किया जाएगा। लोखंडी स्थित परशुराम की प्रतिष्ठित स्थान में सुबह 10 बजे भगवान परशुराम की विशेष पूजा की जाएगी। शाम को राजकिशोर नगर स्थित परशुराम चौक में भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। 11 मई को दयालबंद स्थित शीतला मंदिर से बाजे-गाजे एवं भव्य झांकी के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि दयालबंद, गांधी चौक, हटरी चौक, गोल बाजार, सदर बाजार होते हुए देवकीनंदन स्कूल प्रांगण पहुंचकर समाप्त होगी। यहां एक कार्यक्रम का आयोजन कर समाज प्रतिभावान बच्चों व किसी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का सम्मान किया जाएगा। शुक्रवार 3 मई को शाम 5 बजे से सरकंडा स्थित बघवा मंदिर में समाज के लोगों की बैठक रखी गई है।

### धमधाम से मनाने की जा रही व्यापक तैयारियां, बैठक में बनाई गई रूपरेखा



### झांकी, कर्मा नाच रहेगा आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में भगवान परशुराम की झांकी सहित अन्य झांकियां, कर्मा नाच आकर्षण का केंद्र रहेगा। रास्ते भर शोभायात्रा का समाज के लोगों सहित विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। इनके द्वारा शहर के अनेक स्थानों में स्वागत द्वार बनवाए जा रहे हैं। इसी स्वागत द्वार के पास परिवार सहित खड़े होकर शोभायात्रा का स्वागत करेंगे।



### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में समाज के डॉ प्रदीप शुक्ला, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश बाजपेयी, समाजसेवी प्रवीण झा, विनय शर्मा, डॉ अखिलेश देवरस, डॉ संदीप तिवारी, जयश्री शुक्ला, राजकुमार तिवारी सहित समाज के अन्य लोग भारी संख्या में उपस्थित थे

### दक्षता विकास प्रशिक्षण के सातवें सत्र पर डॉ रश्मि ने छात्रों को किया प्रेरित

## जिस तनाव से जिम्मेदारी आए वह अच्छा, अत्यधिक तनाव नुकसानदेह

**कॉर्नर न्यूज**

बोर्ड परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे फेसबुक लाइव कार्यक्रम-दक्षता विकास प्रशिक्षण के सातवें सत्र में डीपीएस स्कूल की काउंसलर डॉ रश्मि द्विवेदी ने छात्रों और पालकों को फेसबुक लाइव के जरिए संवाद किया।



**बिलासपुर।** बच्चों को परिणाम से न घबराने की सीख देते हुए भविष्य की असीम सम्भावनाओं पर फोकस करने कहा। फेसबुक लाइव के जरिए जुड़े छात्रों, पालको एवं शिक्षकों से संवाद करते हुए बच्चों को परीक्षा परिणाम से चिंतित न होते हुए असफलता को सहज ढंग से स्वीकारने के लिए प्रेरित किया। इन्होंने कहा कि जिस तनाव से जिम्मेदारी आए, जिस तनाव से हम अपनी पढ़ाई में ध्यान अधिक लगा पाएं तो वह तनाव हमारे लिए अच्छा है। मगर अत्यधिक तनाव लेकर नुकसान करें, ऐसा तनाव लेना खराब है। विद्याथी और माता-पिता दोनों ही एक-दूसरे से खुलकर बातें करें। बच्चे खुलकर बात करेंगे तो वे अपना मन के अंदर के तनाव आसानी से दूर कर पाएंगे। पालकों से अपील की कि वे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाएं और उनसे बात-चीत करते रहें।



### मानसिक स्वस्थता के लिए शारीरिक स्वस्थता जरूरी

डॉ रश्मि द्विवेदी ने कहा कि मानसिक रूप से मजबूत होने के लिए शारीरिक स्वस्थता बेहद जरूरी है। बच्चों को प्रतिदिन एक घंटे खेल में समय अवश्य देना चाहिए,परीक्षा भी है तो मैदान जरूर जाना चाहिए। शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन भी अच्छा रहेगा।

### एक शौक सदा रहना चाहिए

डॉ रश्मि ने हर किसी को जीवन में एक शौक हमेशा रखना चाहिए। यह शौक रिटायरमेंट के बाद भी होना चाहिए। चाहे वह खेलना को हो, घूमने का हो, गाना सुनने का हो, व्यायाम करने का हो, वह काम जो आपको करने में बहुत पसंद आता हो। उसे करते रहना चाहिए, इससे तनाव कम होता है।

### एकाग्रता की कमी को दूर करने मेडिटेशन जरूरी

इन्होंने कहा कि आजकल बच्चों में ध्यान की बहुत कमी है, आधे घंटे के पीरीयड तक वे मन लगाकर नहीं बैठ पाते हैं। उनका ध्यान कहीं और चला जाता है, इसलिए बच्चों को मेडिटेशन पांचवीं कक्षा के बाद से करवाने की आदत डालें ताकि बड़ी कक्षाओं में पहुंचते तक उसका वील पॉवर स्ट्रांग हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### महेश कुमार ने नेत्रदान करने किया आवेदन



**मस्तूरी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोहर्सी (सोन) में गुरुवार को चिल्हाटी निवासी महेश कुमार मेहर ने नेत्रदान करने की प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान परिवार के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर बीएमओ डॉ अनिल कुमार, एमओ डॉ महेंद्र कुमार मधुकर, बीपीएम भूपेंद्र देवांगन, ब्लॉक नोडल धीरेंद्र शर्मा, आरएमए डॉ जय कुमार निर्णेजक, नेत्र सहायक अधिकारी सामन्तक कुमार टंडन, एमएलटी विक्रम जटवार, फार्मासिस्ट शेखर प्रसाद रत्नाकर, पीएचसी स्टॉफ व फील्ड स्टॉफ, मितानिन दीदी उपस्थित रहे।

## निधन

### रामेश्वर यादव



**बेलतरा।** ग्राम नेवसा निवासी रामेश्वर यादव पिता स्वर्गीय विशेषर यादव उम्र 42 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम नेवसा में हुआ। वे दिव्यांशु के पिता थे।

### लक्ष्मीन बाई



**तखतपुर।** वार्ड क्रमांक 10 देवांगन मोहल्ला निवासी लक्ष्मीन बाई का 60 वर्ष की उम्र में बुधवार को निधन हो गया। वे राम प्रसाद, जय राम, भारत, दिनेश देवांगन की मां थी। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### बानी बनर्जी



**बिलासपुर।** जोरापारा सरकंडा निवासी बानी बनर्जी का 1 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. रविन्द्र लाल बनर्जी की पत्नी एवं मीनू, भानू, अमित बनर्जी, रत्ना मुखर्जी एवं चंदना मुखर्जी की माता थीं।

## श्रद्धांजलि

### पंकज द्विवेदी

**बिलासपुर।** पूर्व मुख्य सचिव पंकज द्विवेदी के हैदराबाद में निधन होने पर कान्यकुब्ज भवन इमलीपारा में शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धान्जलि दी गई। श्री द्विवेदी मप्र के पूर्व मंत्री प. मथुरा प्रसाद दुबे के दामाद, निरजा के पति सौरभ व गौरव के पिता थे। शोकसभा में अरविन्द दीक्षित, डा आरती पांडेय, मनोज शुक्ला, प्रभात मिश्रा, किरन बाजपेयी, पूर्व विधायक शैलेष पान्डेय, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश चंद्र भूषण बाजपेयी, हरीश तिवारी, डा अशोक दीक्षित, डा, बद्री जायसवाल, बीके पान्डेय, योगेश तिवारी, प्रकाश तिवारी, सुधीर खंडेलवाल, मोहन भोजवानी, मेकलाउड, शहजादी कुरैशी, राजेश शुक्ला, आशीष शुक्ला, जय श्री शुक्ला, गायत्री तिवारी, गोमती बीनू तिवारी, महेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने मुंगेली के मंडी प्रांगण में जनसभा को किया संबोधित

# न आरक्षण खत्म होगा, न महतारी वंदन बंदः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कांग्रेसी आरक्षण खत्म हो जाने की बात कर रहे हैं जबकि ना आरक्षण खत्म होगा ना भाजपा सरकार रहते महतारी वंदन बंद होगा। पीएससी के घोटालेबाज जेल जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कृषि उपज मंडी प्रांगण मुंगेली में आयोजित सभा में कही।

- बोले-मोदी जी ने करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था को किया पूरा

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि मोदी जी ने अयोध्या में राम मंदिर बनवाकर देश के करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था को पूरा किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। मुंगेली विधानसभा की जनसभा में उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 10 सालों में कई ऐतिहासिक काम किए हैं, श्रीराम मंदिर निर्माण, धारा 370 की समाप्ति, तीन तलाक खत्म करने के साथ ही आर्थिक रूप से भारत 5 वें स्थान पर आना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लोग छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री की मांग कर रहे थे। आज भाजपा व पीएम के कारण छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बन सका है। भाजपा सरकार ने 21 क्विंटल धान खरीदी, सबसे ज्यादा धान की खरीदी की गई है। अंतर की राशि भी सभी को मिल गई है साथ ही महतारी वंदन की तीसरी किश्त भी महिलाओं को मिल चुकी है। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है, घोटालेबाज जेल जाएंगे।अतः अब मोदी का सम्मान हमें प्रदेश की सभी 11 सीटें जीताकर करना है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार किया है ठगने का काम किया है। कांग्रेस आदिवासियों, गरीब और मजदूरों को वोट बैंक समझकर राज करते आई है। इससे पूर्व सभा को विधायक पुन्नूलाल मोहले ने संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने मुझे जिताया छग में सरकार बनाया अब तोखन साहू को अपने से अधिक वोटों से विजयी बनाने की अपील की। भारी भीड़ से उत्साहित विधायक पुन्नूलाल मोहले ने अपने विशेष अंदाज में भाषण से सभा में उपस्थित लोगों को बांधे रखा। लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू ने देश के मान सम्मान बढ़ाने वाले मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने भाजपा को कमल का बटन दबाकर वोट देने की अपील की।

सभा को जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, रजनी सोनवानी, दुर्गा उमाशंकर साहू, पवन पाण्डेय ने भी संबोधित किया। संचालन प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर खाद्यमंत्री दयालदास बघेल, कलस्टर प्रभारी एवं पूर्वमंत्री अमर अग्रवाल, पुन्नूलाल मोहले, तोखन साहू, डॉ सियाराम साहू, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, चोवादास खांडेकर, विक्रम मोहले, रामकुमार भट्ट, सीताराम साहू, प्रेम आर्य, द्वारिका जायसवाल, दौलत मनवानी, शिवप्रतापसिंह, रजनी सोनवानी, दुर्गा उमाशंकर साहू, तरुण खांडेकर, पवन पाण्डेय, मोहन मल्लाह, शिवकुमार बंजारा, राणाप्रताप सिंह, शंकर सिंह ठाकुर, सोम वैष्णव, नरेश पटेल, श्रीकांत पाण्डेय, सुनील पाठक, संजय वर्मा, आशीष मिश्रा, प्रद्युम्न तिवारी, संजय गोस्वामी कोटूमल दादवानी, मुकेश रोहरा, अमितेश आर्य, सहित मुंगेली नगर, मुंगेली ग्रामीण, सेतगंगा और जरहागांव मण्डल के कार्यकर्ता महिलाएं एवं पुरूष गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



गुरुवार को मंडी प्रांगण में आयोजित सभा में जनसमूह का अभिवादन करते मुख्यमंत्री।

**55 ने किया भाजपा प्रवेशः** सीएम की सभा में 55 लोगों ने भाजपा प्रवेश किया जिनमें अधिवक्ता राजमन सिंह, रूपलाल कोसरे, महेश्वरी कोशरे, रत्नावली कौशल, लखनलाल ध्रुव, राधेश्याम ध्रुव, नवीन परिहार, हिकेत सिंह परिहार, जितेंद्र सिंह, अनूप जैन, चंद्रजीत यादव, प्रदीप सारथी, हरीश यादव, विष्णु यादव, संतोष सोनी, अमित सत्यपाल, सहित ग्राम धपई, करही, लच्छनपुर, चमारी के 55 लोगों ने सीएम के हाथों गमछा पहन कर भाजपा प्रवेश किया।

## पीएम आवास स्वीकृत होने और राशि दिलाने के नाम पर 46 हजार की लूट

**तखतपुर।** प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होने और राशि दिलाने के नाम पर ग्राम मोछ के कृषक से 46 हजार की लूट हो गई। पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोछ निवासी मयाराम सिंगरौल पिता परसेवक सिंगरौल उम्र 60 वर्ष जिला सहकारी बैंक तखतपुर से 49 हजार रुपए निकालकर नया बस स्टैण्ड में बेटे रामचरण सिंगरौल का इंतजार कर रहा था। इसी बीच दो अज्ञात व्यक्ति उसके पास आए और कहा कि उसकी पत्नी के नाम प्रधानमंत्री आवास आया है। जिसकी राशि आज ही उसके खाते में ट्रांसफर करा दी जाएगी। और उसे बाइक में बैठाकर अपने साथ तहसील चौक स्थित सामुदायिक शौचालय के पास ले गए और कहा कि अगर उसे पैसा देंगे तो आज ही उसके खाते में पैसा डलवा देगा। इसके बाद उसे जनपद पंचायत कार्यालय तखतपुर के मनरेगा शाखा के ऊपर कक्ष में ले गए और 46 हजार रुपए लेकर वृद्ध को जनपद कार्यालय में खड़ा कर फाइल को पूरा करने की बात कहकर चले गए। शिकायत पर थाना प्रभारी हरीश टाण्डेकर ने तत्काल एसआई पी मरावी को जांच के आदेश दिए। पुराना बस स्टैण्ड में टेकचंद कारड़ा के वासुदेव स्टोर्स में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक बाइक में दो युवक बैठकर कृषक को अपने साथ ले जाते हुए दिखाई दिए। फुटेज के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।



सीसीटीवी में कैद तस्वीर

## अवैध शराब का परिवहन करते एक आरोपी गिरफ्तार

**बिल्हा।** अवैध शराब का परिवहन करते बिल्हा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 90 नग अवैध शराब व एक बाइक जब्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिल्हा थाना प्रभारी नरेश कुमार चौहान को मुखबिर से शराब परिवहन की सूचना मिली। सूचना पर टीम गठित कर आरोपी भागवत प्रसाद कोसले पिता रामखिलावन कोसले सा. ग्राम परसदा जिला बिलासपुर को घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी के कब्जे से बिल्हा पुलिस ने एक प्लास्टिक की बोरी से 90 नग देशी प्लेन शराब एवं एक बाइक क्रमांक सीजी 10 बीक्यू 3827 को जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

## लोकतंत्र को मजबूत बनाने मतदान करना जरूरी : बलराम

**अक्षत देकर घर घर मतदान करने दे रहे नेवता**



**सीपत।** लोकसभा निर्वाचन में लोगों की शत प्रतिशत भागादारी सुनिश्चित करने जिला प्रशासन द्वारा अक्षत चावल देकर चुनई नेवता के जरिए आमंत्रित किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्कूली शिक्षण भी अपनी भागीदारी निभा रहे है। गुरुवार को बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत घर घर चावल अक्षत और फूल देकर मतदान करने के लिए नेवता देकर प्रेरित किया गया। इस दौरान शाला स्टाफ व पलकों के द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लिया गया। प्राचार्य बलराम यादव ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने मतदान जरूरी है। हमारा एक वोट देश को समृद्ध व सशक्त बनाने में महती भूमिका निभाएगा। इस दौरान प्रभारी व्याख्याता राजेश कुमार, प्रधानपाठिका शोभा केंवट, केके ठाकुर, एसएल टेंगवर, कु तेजस्वी पाटनवार, कुलसुम बानो, गनेशिया शशि सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## भाजपा का वादा छग में सिर्फ जुमलाः बघेल

**पेंड्रा ।** लोकसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी के प्रचार हेतु पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज पेंड्रा पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाई स्कूल ग्राउंड में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। चूंकि गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में बिलासपुर और कोरबा दोनों लोकसभा की सीमाएं लगती है, इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री ने बिलासपुर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव और कोरबा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया।

जनसभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बीजेपी का वादा छत्तीसगढ़ में सिर्फ जुमला साबित हुआ है। वही मीडिया से चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार न बनने पर जनता को मलाल है, इस बार इसका लाभ लोकसभा में हमें मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान पीसीसी चीफ दीपक बैज, डा. चरण दास महंत, जयसिंह अग्रवाल, बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव, डॉ केके ध्रुव, उत्तम वासुदेव, पंकज तिवारी, पवन सुल्तानिया, मनोज गुप्ता, गुलाब राज, मनीष केशरी, अर्चना पोर्ते, रमेश साहू, डॉ नरेंद्र राय, राकेश जालान, ओम प्रकाश बंका, शंकर कंवर, मदन सोनी, पुष्पराज सिंह, अमन शर्मा, अर्पित राय सहित अन्य मौजूद थे।



सभा को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल।

## उचित मूल्य की दुकान में 141 क्विंटल चावल की हेराफेरी

**उपसरपंच सहित कई ग्रामीणों ने की शिकायत**



**बिल्हा** ग्राम पंचायत मुढ़ीपार के उचित मूल्य की दुकान में 141 क्विंटल चावल हेरफेर का मामला आया सामने आया है। उपसरपंच मनोज सिन्हा की द्वारा बड़े पैमाने पर चावलों की हेराफेरी की शिकायत की गई है। ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में सफुरा महिला समूह के द्वारा उचित मूल्य की दुकान का संचालन किया जा रहा है। सेल्समेन रिहान टंडन के द्वारा अनेक हितग्राहियों को बिना राशन दिए मशीन में फिंगर प्रिंट लेकर ऑनलाइन वितरण दिखाता रहा। सेल्समेन से पता चला की सोसायटी में चावल की कमी सही है और अनेक हितग्राहियों से फिंगर प्रिंट लेकर चावल बाद में देने की बात कही। फ़ूड इस्पेक्टर मंगेश कान्त ने बताया कि शिकायत सही है। निरिक्षण करने पर 140.50 किवंटल चावल की कमी होना बताया और सोसायटी संचालन के द्वारा नियम विरुद्ध पहले से ही फिंगर लेकर चावल बाद में देना बताया। आगे की कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी को रिपोर्ट देने के बाद की जाएगी।

## कुल की फातेहा में देश की एकता अखंडता के लिए मांगी दुआ

**सीपत।** सूफी संत हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह के वालिदैन बेगम बी साहिबा दादी अम्मा दरगाह खम्हरियां का तीन दिवसीय 36 वां सालाना उर्स का रविवार को कुल की फातेहा के बाद समापन हुआ। 26 से 28 अप्रेल तक आयोजित दादी अम्मा दरगाह खम्हरिया के तीन दिवसीय सालाना उर्स में बडी संख्या में लोग पहुंचे। उर्स के दौरान तकरीर नात कव्वाली का आयोजन किया गया। उर्स के अंतिम दिन सुबह 8 बजे कुरआन खानी के बाद दस्तारबंदी व मोमेंटो से सम्मानित किया गया। इस मौके पर खम्हरिया मस्जिद के मुतवल्ली व सरपरस्त मोहम्मद खान दरोगा गौटिया साहब, नवाब खान साहब गौंटिया, शाही नुरानी मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद हसन अशरफी साहब, हाफिज मोहम्मद रिजवान साहब, दरगाह के खादिम अब्दुल वहाब खान,इबरार खान, फिरोज खान, सैय्यद जौहर अली, अशद खान एवं इशाक खान, मोहम्मद आरिफ सेठ जमजम, मोहम्मद नज़ीर हुसैन, महफूज़ अली, मेराज अंसारी, मौलाना मुर्तजा साहब, कासीम अंसारी आदि मौजूद थे।

- दादी अम्मा दरगाह का तीन दिवसीय सालाना उर्स का हुआ समापन,, जुटे हजारों जायरीन, मांगी दुआएं



अंतिम दिन कुल की फातेहा में शामिल जायरीन।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाला सर्राफा व्यापारी गिरफ्तार

**तखतपुर।** नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले सर्राफा व्यापारी के खिलाफ पुलिस ने धारा 354, 506 एवं पास्को 8 के तहत अपराध पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर निवासी 17 वर्षीय नाबालिग के परिजन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि सर्राफा व्यापारी जितेंद्र पाटील ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़खानी किया। और जब मना किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। जिसकी रिपोर्ट परिजन ने थाने में कराई। पुलिस ने सर्राफा व्यापारी जितेंद्र पाटील के खिलाफ धारा 354, 506 एवं पासको को एक्ट 8 के तहत अपराध पंजीकृत करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## पुराना बस स्टैण्ड में गुम हुए तीन वर्षीय बच्चे को ढूंढकर पुलिस ने लौटाया

**तखतपुर।** पुराना बस स्टैण्ड में गुम हुए तीन वर्षीय बच्चे को पुलिस ने 15 मिनट के भीतर सीसीटीवी कैमरे की मदद से ढूंढकर पिता के सुपुर्द कर दिया। पिता बच्चे के मिलने पर लिपटकर रोने लगा। और पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर थाना अंतर्गत ग्राम विचारपुर निवासी राजेश बघेल तखतपुर अपने बच्चे आयुष, मानसु व आन्या के साथ दोपहर 1 बजे के लगभग तखतपुर आया था। बच्चों को प्यास लगने पर पुराना बस स्टैण्ड एवन होटल के पास बाइक में तीन वर्षीय बच्चे मानसु को बैठाकर आयुष और आन्या को पानी पीलाने के लिए एवन होटल ले गया। जब वापस लौटा तो देखा बाइक में तीन वर्षीय मानसु नहीं था। बच्चे के गुम होने की सूचना थाना प्रभारी हरीश टाण्डेकर को दी गई। जिसके बाद पुराना बस स्टैण्ड में टेकचंद कारड़ा वासुदेव स्टोर्स के सीसीटीवी कैमरे में देखा तो पता चला कि पिता राजेश दोनों बच्चों को पानी पिलाने के लिए लेकर जा रहा था तब मानसु बाइक से उतरकर उसके पीछे पीछे जाने लगा और वह सब्जी मार्केट में पहुंच गया। जहां थाना प्रभारी ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से बच्चे जाने की दिशा को देखकर स्टाफ को भेजा। पुलिस स्टाफ को सब्जी बाजार के एक दुकान के पास बच्चा रोता हुआ मिला। जहां पिता अपने 15 मिनट पहले खोए हुए बच्चे से लिपटकर रोने लगा। थाना प्रभारी हरीश टाण्डेकर की सक्रियता से खोए हुए बच्चे को 15 मिनट के अंदर ही सीसीटीवी कैमरे की मदद से पिता को मिलाया गया।



## आत्मानंद के छात्र समर्थ व इस्मिथ ने जेईई मेंस में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पेंड्रा ।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल पेंड्रा के छात्र समर्थ पसरीचा व इस्मिथ जेईई मेन पेपर 1 में 95.14 तथा 92.83 प्रतिशत अंक हासिल किया। ज्ञात हो कि विद्यालय के अमन मिश्रा ने भी जेईई में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश व राज्य के प्रतिष्ठ महाविधालय एनआईटी रायपुर में बी टेक में अध्यनरत है। समर्थ प्रतिभाशाली और महत्वाकांक्षी छात्र है जो एयरोनॉटिक इंजीनियर बनने की इच्छा रखता है।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार मिथुन देब उम्र 42 वर्ष पिता एस.के. देब निवासी- हाउस नंबर 156 बी. विभाग- 29 - ए. चंडीगढ - 160030 से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन कराता हूँ कि मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 1067/12 में से 1218 वर्गफीट जो अंजूबाला सिंह उम्र 59 वर्ष पति बलवंत सिंह निवासी कोरबा (छ.ग.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि को अंजूबाला सिंह के मुख्तयार आम मनोज कुमार धुरी उम्र 35 वर्ष पिता श्री कन्हैया धुरी निवासी आर.टी.एस. कालोनी बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के माध्यम से क्रय करने हेतु पक्का सौदा कर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर दिया गया है, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना हैं, अत: उक्त भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें, बाद की आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी । सो आम सूचना जाने ।

बिलासपुर, दिनांक: 02/05/2024

भवदीय,
(संतोष वस्त्रकार) अधिवक्ता/नोटरी) पुराना पावर हाउस डॉ. बेनर्जी क्लीनिक के पास, बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9302518147
मिथुन देब मो. 8010542968

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार ललित कुमार पटेल, उम्र 42 वर्ष, पिता स्व. लक्ष्मण सिंह, निवासी- खमतराई, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर इस आशय का आमसूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा खमतराई, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) खसरा नंबर 285/79 कुल रकबा 0.67 एकड़ में से 0.32 एकड़ को सोनू साहू, उम्र 32 वर्ष, पिता स्व. लवकुश साहू, निवासी-चांटीडीह बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा विक्रय करने का पक्का सौदा गवाहों के समक्ष कर बतौर बयाना राशि प्रदान कर दिनांक 02.08.2023 को इकरारनामा निष्पादित किया तथा भूमि का पंजीयन बैनामा 06 माह के भीतर 02.02.2024 तक किया जाना तय हुआ था किन्तु सोनू साहू के द्वारा न ही विक्रय प्रतिफल की शेष राशि प्रदान किया जा रहा है और न ही पंजीयन बैनामा निष्पादित करने हेतु कोई रूचि दिखाया जा रहा है, जिसके कारण मेरे पक्षकार द्वारा सोनू साहू को इस आम सूचना प्रकाशन के माध्यम से सूचित सूचित किया जाता है कि इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर उक्त वर्णित इकरारशुदा भूमि का शेष प्रतिफल राशि मेरे पक्षकार को प्रदान कर स्वयं के पक्ष में पंजीयन बैनामा निष्पादित करा लेवें, अन्यथा इकरारनामा दिनांक 02.08.2023 स्वमेव निरस्त माना जायेगा तथा मेरा पक्षकार इकरारशुदा भूमि को अन्यत्र विक्रय करने हेतु स्वतंत्र होगा, जिसके जवाबदार सोनू साहू स्वयं होगा। दिनांक : 02.05.2024, स्थान : बिलासपुर

भवदीय
टी.आर. पटेल, अधिवक्ता
मो. 9977602019

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार सावित्री बाई, उम्र 44 वर्ष, पति अनुज राम पटेल, निवासी- खमतराई, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर इस आशय का आमसूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा खमतराई, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) खसरा नंबर 285/80 कुल रकबा 0.2548 हेक्टेयर को सोनू साहू, उम्र 32 वर्ष, पिता स्व. लवकुश साहू, निवासी-चांटीडीह बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा विक्रय करने का पक्का सौदा गवाहों के समक्ष कर बतौर बयाना राशि प्रदान कर दिनांक 02.08.2023 को इकरारनामा निष्पादित किया तथा भूमि का पंजीयन बैनामा 06 माह के भीतर 02.02.2024 तक किया जाना तय हुआ था किन्तु सोनू साहू के द्वारा न ही विक्रय प्रतिफल की शेष राशि प्रदान किया जा रहा है और न ही पंजीयन बैनामा निष्पादित करने हेतु कोई रूचि दिखाया जा रहा है, जिसके कारण मेरे पक्षकार द्वारा सोनू साहू को इस आम सूचना प्रकाशन के माध्यम से सूचित सूचित किया जाता है कि इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर उक्त वर्णित इकरारशुदा भूमि का शेष प्रतिफल राशि मेरे पक्षकार को प्रदान कर स्वयं के पक्ष में पंजीयन बैनामा निष्पादित करा लेवें, अन्यथा इकरारनामा दिनांक 02.08.2023 स्वमेव निरस्त माना जायेगा तथा मेरा पक्षकार इकरारशुदा भूमि को अन्यत्र विक्रय करने हेतु स्वतंत्र होगा, जिसके जवाबदार सोनू साहू स्वयं होगा ।

दिनांक 02.05.2024
स्थान बिलासपुर

भवदीय
टी.आर.पटेल, अधिवक्ता
मो.नं. 9977602019

### न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-274 /अ-20(1)/ 2023-2024
पक्षकार :- चित्रसेन साहू, पि. स्व. ठाकुर प्रसाद साहू आवेदक
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन----------अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चित्रसेन साहू पिता स्व. ठाकुर प्रसाद साहू निवासी तिलक नगर, चांटापारा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नंबर 11 प्लाट नंबर 13 रकबा 2480 वर्गफीट भूमि को स्थायी पटटे पर आवासीय / व्यवसायिक उपयोग हेतू उसके नाम से स्वीकृत है। जिसका पटटा समाप्ति की तिथि के लिये आवेदक / आवेदिका अगले 30 वर्षो के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक / आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतू प्रस्तावित है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 13/05/2024 को स्वत: / अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि / समय में आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं आवेदक / आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 26/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-275 /अ-20(1)/ 2023-2024
पक्षकार :- श्री लाल बहादुर सोनी पिता महेश राम सोनी आवेदक
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन----------अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री लाल बहादुर सोनी पिता महेश राम सोनी निवासी चांटापारा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वत: / अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नंबर 8, 9 प्लाट नंबर 19, 413, 13/2 रकबा 829, 20, 75 वर्गफीट भूमि को स्थायी पटटे पर आवासीय / व्यवसायिक उपयोग हेतू उसके नाम से स्वीकृत है। जिसका पटटा समाप्ति की तिथि के लिये आवेदक / आवेदिका अगले 30 वर्षो के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक / आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतू प्रस्तावित है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 13/05/2024 को स्वत: / अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि / समय में आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं आवेदक / आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 26/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-276 /अ-20(1)/ 2023-2024
पक्षकार :- श्री लाल बहादुर सोनी पिता महेश राम सोनी आवेदक
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन----------अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री लाल बहादुर सोनी पिता महेश राम सोनी निवासी चांटापारा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वत: / अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नंबर 08 प्लाट नंबर 19 रकबा 381 वर्गफीट भूमि को स्थायी पटटे पर आवासीय / व्यवसायिक उपयोग हेतू उसके नाम से स्वीकृत है। जिसका पटटा समाप्ति की तिथि के लिये आवेदक / आवेदिका अगले 30 वर्षो के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक / आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतू प्रस्तावित है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 13/05/2024 को स्वत: / अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि / समय में आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं आवेदक / आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 26/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-278 /अ-20(1)/ 2023-2024
पक्षकार :- श्री विनोद सोनी पिता आशुतोष सोनी आवेदक
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन----------अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनोद सोनी पिता आशुतोष सोनी निवासी मसानगंज बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वत: / अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसानगंज शीट नंबर 22 प्लाट नंबर 104, 105/2, 110/5 रकबा 1160 वर्गफीट भूमि को स्थायी पटटे पर आवासीय / व्यवसायिक उपयोग हेतू उसके नाम से स्वीकृत है। जिसका पटटा समाप्ति की तिथि 31/03/2024 के लिये आवेदक / आवेदिका अगले 30 वर्षो के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक / आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतू प्रस्तावित है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 13/05/2024 को स्वत: / अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि / समय में आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं आवेदक / आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 26/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्री संतोष कुमार यादव पिता स्व. सुखराम यादव मो. 9131168497 निवासी एन.वी. सी-24, नर्मदा विहार, यदुनंदन नगर, तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.) से इनके द्वारा अनुबंधित भूमि जिसके मूल भूमि स्वामी शौर्य कंस्ट्रक्शन प्रो. कमल किशोर गुप्ता पिता स्व. शंकर लाल गुप्ता निवासी मन्नू चौक टिकरापारा बिलासपुर के नाम पर ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि का क्रमशः खसरा नं. 397 / 2 व 397/4 में से रकबा 700-800 वर्गफुट भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है जिसकी निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना तय है। इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार कि कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता हैं तथा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा । आज दिनाँक 03/05/2024.

भवदीय
संतोष कुमार यादव
एन. वी. सी-24, नर्मदा विहार, यदुनंदन नगर, तिफरा, बिलासपुर
मो.नं.- 9131168497, 9826700071


सरल सहज, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी,
मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र के उर्जावान विधायक
मान. श्री दिलीप लहरिया जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
व शुभकामनाएं...
दिलीप लहरिया
विधायक मस्तुरी
अरविंद लहरिया
प्रदेश संयोजक
छत्तीसगढ़ कांग्रेस (अ.जा.)
प्रदीप पाण्डेय
हरिभूमि मो. 9827967487
चित्रकांत श्रीवास
उपाध्यक्ष
केश शिल्पी कल्याण बोर्ड छ.ग.
विनीत : समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र

2 MAY- BSP- p-6_Layout 1 5/3/2024 12:15 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### भारत जोड़ो अभियान के संयोजक आज शहर में

**बिलासपुर।** भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता योगेन्द्र यादव 3 मई को नगर प्रवास पर रहेंगे। उनके आगमन पर प्रेस क्लब में सुबह 11 बजे से संविधान संवाद 1 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वे मतदाता का राजनैतिक बोध, दायित्व और भूमिका पर अपने विचार रखेंगे। साथ ही वे पत्रकारों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से रू- ब-रू होंगे।

### व्यवहार न्यायाधीश पदों पर पदोन्नति सूची जारी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) के पदों पर पदोन्नति के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है। व्यवहार न्यायाधीश के पदों पर पदोन्नति के लिए वर्ष 2023 के चयनित उम्मीदवारों की सूची छग हाईकोर्ट की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

### डांस करने को लेकर पति-पत्नी से मारपीट

**बिलासपुर।** बर्थडे पार्टी के दौरान डीजे में डांस करने को लेकर तीन युवकों ने पति-पत्नी के साथ मारपीट कर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड नगर निगम पंप हाउस के पास रहने वाले रितेश सिंह पिता विजय सिंह 1अप्रैल की रात अपनी पत्नी व बच्चों के साथ डेढ़ सास जागेश्वरी ठाकुर के घर 27 खोली बर्थडे पार्टी में शामिल होने गए थे। पार्टी के दौरान वह डीजे में डांस कर रहे थे। डांस करने को लेकर राहुल नामक युवक गाली गलौज करने लगा। रितेश ने उसे गाली देने से मना किया तो राहुल, विकास और नाचू एक राय होकर जान से मारने की धकमी देते हुए हाथ मुक्का व ठोस वस्तु से मारपीट कर सिर फोड़ दिया। उनकी पत्नी रंजीता ठाकुर बीच बचाव करने आई तो उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश करते हुए मारपीट की, जिससे रंजीता के भी सिर में चोट आई है। मारपीट की घटना से पार्टी में हड़कंप मच गया। पुलिस ने रितेश सिंह की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोड वाहन



**बिलासपुर।** सड़कों पर सुबह से देर रात तक ओवरलोड वाहन सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं। मोटी कमाई के फेर में वहन मालिकों को यातायात नियमों का ध्यान ही नहीं रहता। दूसरी ओर यातायात विभाग द्वारा भी ऐसे माल वाहक वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जाती। ऐसे में वाहन मालिक व चालकों के हौसले बुलंद हैं। मालवाहक वाहन चालक बेखौफ सड़कों पर यातायात पुलिस के नाक के नीचे ओवरलोड वाहन पार कर रहे हैं। यातायात पुलिस द्वारा छोटे वाहनों पर तो लगातार कार्रवाई की जाती है लेकिन भारी वाहनों की जांच तक नहीं की जा रही।

**जल संकट :** भीषण गर्मी में बेकार बह रहा पानी, न जांच हो रही न कार्रवाई

# घरोंघर लगे हैं वाटर पंप, कोई फेंक रहा तो कोई एक बाल्टी पानी के लिए तरस रहा, बर्बादी रोकने नहीं हो रहे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी में पानी के लिए हायतौबा मची हुई है, शहर में निगम की टंकियों से पानी की सप्लाई हो रही है, परन्तु इसका फ्लो इतना कम रहता है कि छतों पर लगे ओवरहेड टैंक दूर, नल के नीचे रखी बाल्टी भी नहीं भर पाती है। इसका कारण लोगों द्वारा घरोंघर लगाए गए पावर पंप हैं, निगम के पानी को लोग पावर पंप से खींचकर दुरुपयोग करते हैं, इससे इसका फ्लो धीमा हो जाता है, नतीजा यह होता है कि दूर दराज के इलाकों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता। निगम के अधिकारी इन पावर पंप लगाने वालों पर कभी कार्रवाई भी नहीं करते।

- पंप लगाने से दूसरे घरों में नहीं जाता पानी

नगर निगम द्वारा सामान्य एवं भागीरथी योजना तहत घरों-घर पानी आपूर्ति के लिए नल कनेक्शन दिया गया है। अब इसमें अमृत मिशन योजना भी जुड़ गया है और अमृत मिशन तहत भी पाइप लाइन के जरिए घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है, लेकिन ज्यादा पानी पाने के चक्कर में लोग नियम विरूद्ध नल कनेक्शनों में पावर पंप लगाकर प्रतिदिन हजारों लीटर पानी खींच लेते हैं। पाइप लाइन पावर पंप के जरिए पानी लेकर ये लोग अपने घरों के टैंक भरते हैं, वहां तक तो ठीक है, परन्तु लोग घरों के सामने की सड़क, गाड़ियां भी धोते दिखाई देते हैं। कई घरों की टंकियों से पानी ओवरफ्लो होता रहता है, यह पानी बेकार नाली में बहता रहता है, इससे इस भीषण गर्मी में पानी की बर्बादी होती है। दूसरी ओर आसपास के घर वाले जिनके यहां पावर पंप नहीं लगा है, वे एक बाल्टी पानी के लिए तरस जाते हैं। ये लोग किसी तरह बाल्टियों में पानी भरकर अपना काम चलाते हैं।



गुरुवार को पुराना बस स्टैंड में पानी का पाइप फूट गया। इस दौरान पाइप से हजारों लीटर पानी बह गया।

### पाइप फूटने, लीकेज से पानी का अपव्यय

शहर में जगह-जगह पानी सप्लाई पाइप लाइन फूटने या उसमें लीकेज की वजह से भी इस गर्मी के सीजन में हजारों लीटर पानी बेकार में बर्बाद हो रहा है। पुराना बस स्टैंड के पास नगर निगम का पाइप लाइन फूट गई है, जिससे वहां पर बेकार में पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। इसी तरह मंदिर चौक, राजीव गांधी सहित कई और जगहों पर रोड से लगे नलों से बेकार में पानी बहता रहता है। शहर में जगह-जगह लीकेज की भी समस्या आए दिन सामने आते रहती है, जिससे सप्लाई वाले पाइप लाइन से पानी बहता रहता है और लीकेज की वजह से पानी दूषित एवं गंदा पानी आने का खतरा बना रहता है।



### पांच साल से नहीं हुई कार्रवाई

शहर के विभिन्न मोहल्लों और कालोनियों में नगर निगम द्वारा घरों में पावर पंप नहीं लगाने की चेतावनी दी जाती है, जगह जगह दीवारों पर लिखकर जुर्माना की जानकारी भी दी जाती है, परन्तु किसी घर में जांच नहीं की जाती है। जानकारी के अनुसार पिछले पांच साल से निगम ने कभी नलों में लगाए गए पावर पंप की जांच नहीं की है। शहर के घनी आबादी वाले इलाकों में पानी नहीं मिलने से लोग अधिक परेशान हैं।

### ठप हो गई मीटर लगाने की योजना

वर्षों पहले शहर के सभी घरों में पानी का मीटर लगा रहता था, निगम कर्मी मीटर रीडिंग कर पानी का बिल जारी करते थे, उस दौर में लोग पानी का उपयोग काफी नापतौल कर करते थे, क्योंकि अधिक पानी खर्च करने पर अधिक बिल आता था। बाद में मीटर हटा दिए गए और एक समान बिल जारी किया जाने लगा, जिससे गड़बड़ी बढ़ गई। निगम ने कुछ साल पहले फिर से पानी का मीटर लगाने की योजना बनाई थी, जो ठप हो गई। कहा जा रहा है कि शहरी क्षेत्र में एकबार फिर से घरों में पानी का मीटर लगाने की जरूरत है, इससे कम से कम पानी का दुरुपयोग होना रुक जाएगा।



### 44 हजार 783 नल कनेक्शन

नगर निगम का काफी बड़ा एरिया है और घरों-घर निगम के नल कनेक्शन से जुड़ा हुआ है। नगर निगम में दो तरह के नल कनेक्शन दिए जाते हैं, जिसमें एक तो सामान्य नल कनेक्शन होता है और दूसरा भागीरथी योजना तहत गरीब परिवारों को नल कनेक्शन दिया जाता है। निगम में कुल 44 हजार 783 नल कनेक्शनधारी हैं, जिसमें से सामान्य नल कनेक्शन की संख्या 39 हजार 281 व भागीरथी योजना तहत 50 हजार 502 कनेक्शन हैं।

### पानी का बिल एक समान

पावर पंप के जरिए हजारों लीटर पानी खींचने वाले और पतली धार से चंद बाल्टी पानी भरने वाले सभी कनेक्शनधारियों को एक समान पानी का बिल भेजा जाता है। सभी आवासीय नल कनेक्शनधारियों को माह में 200 रुपए पानी का बिल देना पड़ता है। इसी तरह बीपीएल परिवार वालों को माह में केवल 60 रुपए पानी का देना पड़ता है। आवासीय सह व्यवसाय कनेक्शन में 350 रुपए महिना तथा व्यवसायिक कनेक्शन में 800 रुपए महिना पानी का बिल आता है।

### नियम विरुद्ध है

निगम के नल कनेक्शनों से पावर पंप के जरिए पानी लेना नियम विरूद्ध है। इससे सबसे बड़ी समस्या आजू-बाजू के घर वालों को होती है और उनके घरों में पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। बहुत पहले नगर निगम में इसे लेकर कार्रवाई हुई थी और पावर पंप जब्ती करने से लेकर नल कनेक्शन काटने और जुर्माने की कार्रवाई की जा सकती है।

-**अजय श्रीवासन**, नगर निगम जल विभाग के रिटायर इंजीनियर

### चुनाव के बाद कार्रवाई

निगम के नल कनेक्शन या पाइप लाइन से पावर पंप लगाकर इस तरह पानी चोरी करना नियम विरूद्ध है। इससे अन्य लोगों के घरों में पानी सप्लाई प्रभावित होता है। फिलहाल अभी निगम अमला लोकसभा चुनाव में लगा हुआ है उसके बाद इस मामले में कार्रवाई करेंगे।

-**अनुपम तिवारी**, प्रभारी जल विभाग नगर निगम

**नाइट लैंडिंग और 3सी आईएफआर के लिए पीडब्ल्यूडी ने झोंकी थी ताकत**

## गूगल पर भी अपडेट हो गई एयरपोर्ट की ताजा तस्वीर, डेवलपमेंट भी दिखने लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा एयरपोर्ट को आईएफआर एयरपोर्ट पर उन्नयन का काम पूरा हो चुका है। पीडब्ल्यूडी ने बाउंड्रीवाल और पेरीमीटर सड़क का काम पूरा कर लिया था और अब फायर सेफ्टी सड़क भी बन तक तैयार है। इस बीच गूगल मैप पर भी एयरपोर्ट की ताजा तस्वीर अपलोड हो चुकी है, जिससे साफ तौर पर नए कामों को देखा जा सकता है।

- 25 करोड़ की लागत कराया गया है निर्माण

आखिरकार बड़ी जद्दोजहद के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने एयरपोर्ट का काम पूरा करने में सफलता प्राप्त की है, पिछले डेढ़ साल से निर्माण कार्य जारी था, पीडब्ल्यूडी के बीएण्डआर और ईएण्डएम विभाग ने मिलकर पूरा काम खत्म कर लिया है। कलेक्टर की फटकार के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने तेजी दिखाई है। दअरसल 3सी वीएफआर से आईएफआर में उन्नयन करने बिलासा एयरपोर्ट पर निर्माण किया गया है। जहां बाउंड्रीवाल और पेरीमीटर सड़क,फायरसेफ्टी सड़क, आइसोलेशन बे और सीसीआर क्वाटर्स भी बन कर तैयार हो चुके है। अब 3सी आईएफआर के लिए आवेदन करना ही शेष रह गया है, जिसमें प्रबंधन लेट लतीफी कर रहा है।




### मैप में दिखने लगी है बाउंड्रीवाल

पुरानी फेंसिंग 350 मीटर फेंसिंग को हटाकर 1600 मीटर बाउंड्रीवाल बनाई गई है। जिससे मवेशी से पूरी तरह एयरपोर्ट सुरक्षित हो चुका है। वहीं 400 मीटर पेरीमीटर सड़क बनाई गई है। वर्तमान में आगजनी और अन्य सुरक्षा कारणों के चलते डामर सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिससे होकर रनवे तक पहुंचा जा सकेगा। यह सड़क फायर सेफ्टी सड़क कहलाएगी। यह सड़क 410 मीटर सड़क वैकल्पिक मार्ग होगा।

### सामान का पैसा मांगने पर दुकानदार को पीटा

**बिलासपुर।** सामान का पैसा मांगने पर कार सवार तीन युवकों न गुंडागर्दी करते हुए दुकानदार से मारपीट कर पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, सकरी निवासी नरेन्द्र कुमार साहू पिता लक्ष्मीप्रसाद साहू सड़क किनारे कपड़ा व चश्मे की दुकान चलाते हैं। 2 मई की दोपहर में वे खाना खाने के लिए घर चले गए थे और दुकान में उनका कर्मचारी दीपक लहरे बैठा हुआ था। इसी दौरान कार क्रमांक सीजी 10 एक्यू, 9658 में 3 युवक आए और उनसे सामान खरीदने के बाद बिना पैसे दिए जा रहे थे। कर्मचारी ने पैसा मांगा तो तीनों गुंडागर्दी करते हुए कहने लगे नहीं देंगे, जो करना है कर लो। कर्मचारी ने दुकानदार नरेन्द्र कुमार साहू को जानकारी दी। तत्काल श्री साहू दुकान पहुंचकर तीनों से पैसा क्यों नहीं दे रहे हो पूछा तो युवकों ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया है। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर कार सवार युवकों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## शहर व ग्रामीण इलाकों में सशस्त्र जवान कर रहे वाहन चेकिंग, मोपका में मिले 1 लाख

**बिलासपुर।** शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराने आए अर्धसैनिक बलों की शहर एवं ग्रामीण इलाकों में सघन वाहन जांच कराया जा रहा है। जवानों के चेकिंग के दौरान मोपका में एक कार से 1 लाख रुपए जब्त किया गया है।

जिले में चुनाव कराने के लिए अलग अलग 15 कंपनी के सशस्त्र जवान शहर पहुंच गए हैं। 1 अप्रैल को कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह के नेतृत्व में जवानों के द्वारा शहर में पैदल मार्च कर आमजनता को भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया गया था। उसके बाद देर शाम अर्धसैनिक बलों को शहर एवं ग्रामीण इलाकों में ड्यूटी करने के लिए भेज दिया गया है। 2 मई को सुबह 10 से 2 बजे तक शहर एवं ग्रामीण इलाकों में सघन वाहन चेकिंग की गई है। वाहन चेकिंग के दौरान जवानों के द्वारा मोपका चौक के पास एक कार सवार से 1 लाख रुपए बरामद किया गया है। वाहन मालिक के द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर रुपए जब्त कर लिया गया है। इसी तरह शाम से से 8 बजे तक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान जवानों के द्वारा सभी चार पहिया वाहनों को रोककर जांच की गई। एडीशनल एसपी उमेश कश्यप ने बताया, शहर एवं ग्रामीण इलाकों में जवानों के द्वारा अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर क्षेत्र में पैदल मार्च किया गया है। एएसपी श्री कश्यप ने बताया, सुबह व शाम प्रतिदिन जवानों के द्वारा विशेष रूम से वाहन चेकिंग अभियान किया जाएगा, ताकि चुनाव से संबंधित आपत्तिजनक सामान ले जाया जा रहा हो तो उस पर कार्रवाई की जा सके।



लोकसभा चुनाव के दौरान व्यवस्था बनाने जवान पहुंचे।

### कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट यूजी: 15 से 24 मई तक होगी परीक्षा

**बिलासपुर।** कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट(सीयूईटी) यूजी-2024 की परीक्षा मई में आयोजित की जाएगी। इसके लिए डेटशीट जारी की गई है।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) कि ओर से यह परीक्षा 15 मई से 24 मई तक आयोजित की जाएगी। इस बार परीक्षा के लिए 13.48 लाख से ज्यादा छात्रों ने फॉर्म भरा है। इसके लिए पिछले दिनों आवेदन मंगाए गए थे। इस बार परीक्षा हाइब्रिड मोड में होगी। 15 मई से प्रारंभ होने वाली इस परीक्षा के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इस परीक्षा में 13.48 लाख से अधिक छात्र शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर केंद्र बनाए जा रहे हैं, डेटसीट जारी कर दी गई है, संबंधित छात्रों को इसकी सूचना दी जा रही है। सीयूईटी द्वारा आयोजित इस परीक्षा को लेकर छात्रों में काफी उत्साह है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### प्रताड़ना: नवविवाहिता ने की खुदकुशी पति सहित तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शादी के एक साल बाद नवविवाहिता के ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने जांच के बाद पति सहित तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी क्षेत्र के ग्राम पांड निवासी अंजली सूर्यवंशी पति जयनारायण सूर्यवंशी 21 साल की एक साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद पति पत्नी के मनमुटाव हो गया था, जिससे वह मायके में जाकर रह रही थी। पिछले दिनों वह ससुराल लौटी थी। 19 अप्रैल को ससुरालवाले शादी कार्यक्रम में शामिल होने परिचित के यहां चले गए। इस दौरान अंजली व उसका देवर घर में थे। देवर अपने कमरे में सो गया। इधर अंजली ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के दौरान मृतका के घरवालों ने ससुरालवालों पर शादी होने के बाद दहेज में बाइक नहीं देने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। जांच के बाद सकरी पुलिस ने पति जयनारायण सूर्यवंशी सहित तीन लोगों के खिलाफ धारा 304 बी, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।






# अरपा सहित शहर के सभी तालाब जलकुंभी से पटे, नजर आ रहा घास का मैदान



**बिलासपुर।** जीवनदायिनी अरपा सहित शहर के सभी प्रमुख तालाब जलकुंभी से पट गए हैं। एकबारगी देखने पर ये घास के मैदान की तरह नजर आते हैं। शहर के नाला नालियों का पानी अरपा सहित इन तालाबों में आता है, जिसकी वजह से पानी दूषित होता है और बदबू आती है। इंदिरा सेतु से लेकर छठ घाट तक अरपा में जलकुंभी की चादर बिछी है। हरे मैदान में कहीं कहीं पानी के दर्शन हो जाते हैं। यही स्थिति शहर के सभी प्रमुख तालाबों की है। जलकुंभी, कचरा और कीचड़ से भरे इन तालाबों से गंध आती है। ये तस्वीर तोरवा स्थित तालाब की है।

### तस्वीर खिंचाने तक सीमित सौंदर्यीकरण

नदी और तालाबों में प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं अन्य कचरा इतनी मात्रा में फेंका जा रहा है कि घाटों के समीप पानी ही नजर नहीं आता। तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर कुछ दिन सफाई की जाती है, फिर सब ठप हो जाता है। सामाजिक संगठन भी समय समय पर सफाई अभियान चलाते हैं, जो पर्याप्त नहीं होता।

### सरकारें बदली पर नदी और तालाबों की तस्वीर वही

पिछली सरकार ने अरपा सहित शहर के सभी तालाबों से जलकुंभी और कचरा साफ करने किराए पर मशीन मंगाई थी। नदी और पोखरों की तस्वीर तो नहीं बदली, लेकिन कुछ दिनों तक सफाई के बाद मशीन का इस्तेमाल लगभग बंद हो गया। नई सरकार ने तो इस मशीन को वापस भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास कॉलेज में मतदान जागरूकता रैली



**सरगांव।** संत शिरोमणि गुरु घासीदास शासकीय महाविद्यालय सरगांव में विद्यार्थियों द्वारा मतदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जो महाविद्यालय से शुरू होकर नगर के कई प्रमुख चौक चौराहा से होते हुए पूनम महाविद्यालय में समाप्त हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने लोकसभा चुनाव में भारी संख्या में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभय तिवारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। रैली राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो अमन टोप्पो के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ देवेंद्र साहू, डॉ.एनके सिंह, डॉ.संध्या पात्रे तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र उपस्थित हुए।

### सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम रहा शतप्रतिशत



**करगी रोड कोटा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेंकटलाल अग्रवाल संरक्षक, विशिष्ट अतिथि वासुदेव रेड्डी व्यवस्थापक, भगवान प्रसाद सक्सेना सह सचिव, मनजीत सिंह पवार प्रबंधकारिणी समिति सदस्य द्वारा दीप प्रचलित कर वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत आया है इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं और अच्छे से अगली कक्षा में मन लगाकर पढ़ाई करें ताकि इसी प्रकार से आपका वार्षिक परीक्षा परिणाम और अच्छा आए और आपके साथ आपके माता-पिता, गुरुजन, गांव, मोहल्ला एवं प्रदेश का नाम रोशन हो । कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राएं अभिभावक, विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल साहू, प्रधानाचार्य चंद्रेश यादव ,आचार्य में राजकुमार साहू, संतोष कुमार गंधर्व, लक्ष्मी नारायण पांडे, रुक्मणी गंधर्व, आशा गुप्ता, सुख सिंह कैवर्त, मनोरमा गुप्ता, रुपेश मलिक, शोभा चौहान , जयश्री मित्रा , अलका राजपूत, सहदेव यादव, दीपराज साहू, कुमारी मनीषा यादव, अंजलि पालके, प्यारी मानिकपुरी, लक्ष्मी मानिकपुरी उपस्थित थे ।

### आसमान से बरस रही आग लू को लेकर अलर्ट जारी



**बिलासपुर।** धूप की प्रचंड किरणें लोगों को तपा रही है। आसमान से बरसती आग के आगे राहत पाने के सभी जतन कम पड़ रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण लू चल रही। मौसम विभाग ने भी इसे लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों में तापमान तीन डिग्री तक बढ़ सकता है। तेज धूप और गर्म हवाओं से लोगों का हाल बेहाल है। भीषण गर्मी के बढ़ने के बाद लोगों को लू से बचाव के लिए अलर्ट किया गया है। बुधवार की अपेक्षा गुरूवार को बिलासपुर का तापमान 40.4 डिग्री दर्ज किया गया, यह आंकड़ा सामान्य से 3 डिग्री भले कम है लेकिन सूरज की तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया है। हालत यह है कि घर से बाहर निकलने से पहले लोगों को सोचना पड़ रहा है। गर्मी के कारण ही बाजार में भी चहल-पहल काफी कम हो गया है। माना जा रहा है कि पारा अभीऔर चढ़ेगा तब झुलसाने वाली गर्मी पड़ेगी। मौसम विशेषज्ञ डा. एचपी चंद्रा के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त हवाओं की मात्रा में कमी होने के कारण प्रदेश में 3 मई को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### तेलुगू समाज के 700 श्रद्धालुओं ने की नर्मदा पुष्कर यात्रा



**बिलासपुर।** अमरकंटक के मां नर्मदेश्वर मंदिर में 1 मई से 12 मई तक पुष्करालु महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए बिलासपुर सहित छग एवं देश के विभिन्न राज्यो से श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इसके तहत बिलासपुर के रेल्वे परिक्षेत्र रामलीला मैदान से गुरुवार को तेलुगू संयुक्त समाजम द्वारा 15 बसों से लगभग 700 श्रद्धालु पवित्र नर्मदा पुष्कर की यात्रा करने अमरकंटक पहुंचे। इस पुण्य यात्रा में श्रद्धालु महिलाएं, बुजुर्ग एवं बच्चे भी शामिल थे।

**नहीं सुधर रहे लोग:** चौक चौराहों पर लगे कैमरे से रख रहे नजर, घरों में भेजे रहे ई-चालान

# 4 माह में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले साढ़े 16 हजार लोगों पर 1 करोड़ 19 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विगत चार माह में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 16 हजार 554 लोगों से 1 करोड़ 19 लाख 55 हजार 500 रुपए जुर्माना किया गया है। उसके बाद भी लोग बेखौफ होकर ट्रैफिक नियम तोड़ रहे हैं। चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे से ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन सवारों के घरों में पोस्ट आफिस के माध्यम से ई चालान भेजकर जुर्माना वसूल किया जा रहा है। महानगर की तर्ज पर शहर के चौक चौराहों पर हाइटेक सीसीटीवी कैमरा लगाया है। आईटीएमएस कंट्रोल रूम से ट्रैफिक पुलिस नियम तोड़ने वालों पर नजर रखती है। इस दौरान तीन सवारी, रेड लाइट जंप, काली फिल्म सहित अन्य नियम तोड़ने वालों की तस्वीर कैद की जाती है। उसके बाद



पोस्ट आफिस के माध्यम से फोटो सहित लोगों के घरों में ई चालान भेजा जा रहा है। आलम ये है सीसीटीवी कैमरा लगने के बाद भी लोग नहीं सुधर रहे हैं। चार माह में ट्रैफिक नियम तोड़ते 16 हजार 554 लोगों पर कार्रवाई की गई है। हर माह ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की संख्या कम होने बजाए बढ़ती जा रही है।

### हर महीने बढ़ रहे नियम तोड़ने वाले

| | | |
|---|---|---|
| जनवरी | - 2 हजार 320 | - 23 लाख 24 हजार 300 |
| फरवरी | - 3 हजार 825 | - 26 लाख 35 हजार 200 |
| मार्च | - 5 हजार 531 | - 37 लाख 64 हजार 100 |
| अप्रैल | - 4 हजार 868 | - 32 लाख 31 हजार 900 |

### साढ़े 16 हजार लोगों पर कार्रवाई

सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर नजर रखी जा रही है। चार महीने में 16 हजार 554 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 करोड़ 19 लाख 55 हजार 500 रुपए शमन शूल्क वसूल किया गया है। नियम तोड़ने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

-संजय साहू, ट्रैफिक डीएसपी

### नेहरू चौक से शेफर्ड स्कूल चौक



एसपी आफिस के पास मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। उसके बावजूद नेहरू चौक से शेफर्ड स्कूल तक सड़क के दोनों ओर लाइन से चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं। ट्रैफिक पुलिस लगातार लिफ्टिंग कर वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उसके बाद भी स्थिति की जस की तस रहती है। प्रतिदिन सुबह से शाम तक सड़क के दोनों ओर चार पहिया वाहन नो पार्किंग में खड़े रहते हैं।

### जिला सहकारी बैंक के सामने



नेहरू चौक से महाराणाप्रताप चौक तक 24 घण्टे ट्रैफिक का दबाव रहता है। एक ओर जिला सहकारी बैंक के सामने आधी सड़क तक वाहन खड़े रहते हैं। वहीं दूसरी ओर विकास भवन में पार्किंग की व्यवस्था होने के बाद भी लोग सड़क में वाहन खड़े करते हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दोनों जगहों पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

### अग्रसेन चौक से बस स्टैण्ड



अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैण्ड तक पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं है। इस रास्ते पर खरीददारी करने जाने वाले लोगों को वाहन खड़ा करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सर्वाधिक परेशानी शाम को होती है। इस मार्ग में आधा दर्जन से अधिक होटल संचालित हो रहे हैं। होटल में पार्किंग की व्यवस्था होने के बाद भी आधी सड़क पर चार पहिया वाहन खड़े रहते है।

# मुख्य लिपिक शर्मा को विदाई



विदाई कार्यक्रम में शामिल स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में मुख्य लिपिक के पद पर पदस्थ रामकुमार शर्मा 30 अप्रैल को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर शासकीय सेवा से निवृत्त सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में लगभग 40 वर्षो तक अपनी सेवा दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने उनके सेवा काल में कार्यकुशलता कर्मठता, लगनशीलता सजगता और कर्तव्य निष्ठा जैसे विलक्षण प्रतिभा का जिक्र किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने कहा कि श्री शर्मा ने सौंपे गए महत्वपूर्ण कार्यो के दायित्वों को निर्भिकता पूर्वक किया। इस मौके पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार, डीएचओ डॉ. रविशंकर प्रसाद देवांगन, क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे, मेडिसीन विशेषज्ञ डॉ. शिवपाल सिंह सिदार, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. आरएस. आयाम, लोरमी बीएमओ डॉ. जीएस दाऊ, पथरिया बीएमओ डॉ. एआर बंजारे, मुंगेली बीएमओ डॉ. ज्वाला प्रसाद कौशिक, लेखापाल केपी बनर्जी, जिला लेखा प्रबंधक कल्याणी पटेल, सहायक ग्रेड-3 उमेश देवांगन, टिकम सोलंकी, योगेन्द्र भास्कर, दीपक प्रजापति सहित कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

# गैस एजेंसी के कर्मचारी निःशुल्क करेंगे सेफ्टी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

गैस सिलेंडर के रख-रखाव और सुरक्षा दृष्टि से केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से देशभर में नई व्यवस्था लागू की गई है। अब गैस एजेंसी के कर्मचारी आपके घर में आकर गैस सिलेंडर की सेफ्टी जांच फ्री में करेंगे।

पहले पांच साल के लिए 236 रुपए चार्ज देना पड़ रहा था, लेकिन अब कोई चार्ज नहीं देना पड़ेगा। एक गैस एजेंसी के संचालक रविन्द्र पुराणिक ने बताया कि मुंगेली में एक अप्रैल से अब तक तक 80 घरो में जाकर प्रशिक्षित कर्मचारी सिलेंडर की सेफ्टी जांच कर चुके हैं। रोजाना जांच की संख्या बढ़ती जा रही है। सेफ्टी जांच पहले भी मैनुवली हो रही थी। तब इसके लिए उपभोक्ताओं को नॉमिनल चार्ज देना पड़ता था, लेकिन अब सब मुफ्त होगा। सेफ्टी जांच के लिए आठ बिंदु तय हैं। इसी आधार पर प्रशिक्षित कर्मचारी घर-घर दस्तक पांच साल में रबर का पाइप बदलना जरूरी गैस सिलेंडर और रबर पाइप की सेफ्टी जांच अब फ्री में एजेंसी द्वारा की जाएगी। रबर पाइप की समयावधि समाप्त होने या खराब होने पर बदलने की स्थिति में 150 रुपए चार्ज लगेगा, जो कि पहले 190 रुपए था। यह एचपीसीएल कंपनी द्वारा अनुमोदित है। पांच साल में रबर का पाइप बदलना जरूरी होता है। देकर गैस सिलेंडर व रबर पाइप की स्थिति की जांच करेंगे। गैस सिलेंडर के रख-रखाव के लिए उपभोक्ता के घर में क्या कर रहे हैं, इसकी जांच पर ऑनलाइन रिपोर्ट सबमिट करेंगे।

# गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ाई की सुविधा दे रहा इग्नाइट स्कूलः जायसवाल

**पथरिया।** ब्लाक मुख्यालय स्थित सीबीएसई पैटर्न से पढ़ाई कराने वाले इग्नाइट शासकीय प्राथमिक शाला अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । विद्यालय द्वारा परिणाम घोषणा के साथ साथ आशीर्वाद समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष कालिका बंजारे मुख्य अतिथि रहे।

नगर पंचायत सभापति धर्मेंद्र श्रीवास ने अध्यक्षता की । क्षेत्र के शिक्षाविद बलराम जायसवाल मुख्य प्रेरक के रूपः में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधान पाठक गुना राम निर्मलकर ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उसके बाद कक्षा 1 से 5 तक के मेघावी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। सभी ब्लाक मुख्यालय में स्थापित सीबीएसई पाठ्यक्रम के इग्नाइट शासकीय विद्यालय गरीब बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में सीबीएसई पाठ्यक्रम की पढ़ाई का अवसर प्रदान कर रही है । कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका जशविन्दर




कौर भट्टी ने किया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य रजनीश नागेश्वर, संकुल समन्वयक मोहित खांडे, पार्षद प्रतिनिधि इंद्रजीत यादव, बलराम रजक, चंद्रेश यादव, राजेन्द्र जायसवाल, रामकुमार पाली, वीरू यादव, शिक्षक शिक्षिका गीता देवी गुप्ता, कस्तूरी ध्रुव, अशोक सोनवानी, शशीलता गेंदले, विनय उपाध्याय, विनोद साहू, केशनी गोविल एवं पालक उपस्थित रहे।

### कंपनी गार्डन में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**बिलासपुर।** गुरुवार को आनंद सागर सेवा प्रवाह के सदस्यों ने विवेकानंद उद्यान कंपनी गार्डन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इसमें अलग-अलग संस्था के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने शपथ ली कि हम अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे और अपनी सरकार बनाएंगे। मतदान करना मेरा अधिकार है और मताधिकार मेरा सौभाग्य का नारा लगाते हुए मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। वहीं सफाई कर्मचारियों के साथ भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके पूर्व ग्राम मुरैना में भी अभियान चला कर मतदान करने लोगों को जागरूक किया गया था। इस मौके पर आनंद सागर सेवा प्रवाह के अध्यक्ष डॉ सुषमा पंड्या, उपाध्यक्ष सुमित दास गुप्ता, संरक्षक कविता शर्मा, पं. बाबूलाल पंड्या, तकनीकी सहायक मंजुला सिंह, सदस्य कविता तिवारी, शरद कुमार शर्मा, श्री यादव, राजू श्रीवास, आनंद, बलदाऊ, राजेश श्रीवास, आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

सनफ्लावर बोदरी में बुधवार को दोपहर 1 बजे छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ की बैठक की गई बैठक में विभिन्न विषयों पर आपस में संघ प्रमुख के समक्ष आपस में पत्रकारों के बीच समस्याओं को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई एवम जल्द ही समस्या का निदान करने की सहमति अध्यक्ष राजेंद्र डहरिया द्वारा दी गई एवम संघ के संगठन महा सचिव अमित कुमार दीक्षित संगठन सचिव यशवंत मिश्रा द्वारा सभी पत्रकारों को बैठक में समयानुसार पहुंचने और अनुशासन के नियमो का पालन करने के साथ पत्रकारिता और मीडिया जगत का समाज में कितना महत्व है उस पर प्रकाश डालते हुए मीडिया पावर के बारे में समझाया। इस अवसर पर संरक्षक कमल किशोर गर्ग. अध्यक्ष राजेन्द्र डहरिया .उपाध्यक्ष मंगेशकर दुबे उपाध्यक्ष, संगठन सचिव यशवंत मिश्रा, एवम राजू दीक्षित महासचिव सचिव मंतोष सरकार आशीष सूर्या ज्ञानेश्वर साहू विजय निषाद हरीश पांडे निर्मल सिंह श्रवण दुबे अजय कुमार जगत ज्ञानेश्वर विजय आशीष ने कहा कि पत्रकारिता हमारे देश का चौथा स्तंभ है हमे लोगो के सुख दुख को सरकार तक पहुंचा कर एवं खुद भी लोगों को बीच मे रहकर उनका दुख को दूर करना प्राथमिकता है ।सभी पत्रकार संघ के सदस्यों की उपस्थिति रही।

**पं. दिनेशचन्द्र तिवारी के बताया कि भागवत एक पवित्र नदी के समान है**

# ग्राम झाफल में बह रही भागवत कथा की गंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम झाफल में भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक राजपुरोहित प. दिनेशचन्द्र तिवारी के बताया कि भागवत एक पवित्र नदी के समान है। जिस तरह नदी पर किसी एक का अधिकार नहीं होता बल्कि सब उसके अधिकारी हैं, उसी तरह भागवत कथा श्रवण के भी सभी अधिकारी है।

जब भागवत कथा श्रवण से प्रेत की भी मुक्ति हो जाती है तो देहधारी मनुष्य उसके श्रवण से क्या नहीं पा सकता ? श्रद्धापूर्वक कथाश्रवण से मनुष्य समस्त अभिलषित पदार्थ भी पा सकता है। कथाप्रवाह में उन्होंने बताया की वैसे तो परमात्मा की प्राप्ति के अनेक साधन हैं पर उन सबमें भी उनकी प्राप्ति का सरलतम साधन है, भगवान का भजन कीर्तन उनके नाम का आश्रय। उन्होंने रामचरित मानस की चौपाइयों के माध्यम से भी बताया कि कलियुग केवल हरिगुन गाहा , गावहिं नर पावहिं भव थाहा। उन्होंने बताया कि कलियुग में केवल भगवान के नाम को जपकर ही मनुष्य इस भवसागर को पार कर सकता है। नाम जप मनुष्य को ईश्वर के निकट ले जाने का एक माध्यम है। उन्होंने बताया कि लोगों को अपने दिन को चार भागों में बांटना चाहिए, कुछ हिस्सा काम के लिए, एक हिस्सा आराम के लिए, एक हिस्सा भोजन के लिए और एक हिस्सा भगवान के भजन के लिए। आज आदमी पहले के तीन बातों के लिए समय निकाल लेता है पर चौथे के लिए टाल मटोल करता है। उन्होंने कहा जहां भोजन से तृप्ति होती है वहीं भजन से



मुक्ति होती है। अतः मानव जीवन में भजन हेतु समय अवश्य ही निकालना चाहिए । जिस तरह प्रतिदिन भोजन के लिए समय निकालते हैं उसी तरह रोज भजन हेतु समय जरूर निकालना चाहिये। स्व प्रेमसिंह उजियारा बाई तथा स्व कुलदीप बड़गैय्या की स्मृति में हो रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के मुख्य यजमान धर्मजीत सिंह, गोवर्धन-कल्याणी देवी हैं। ज्ञान कथा को सफल बनाने दादू सिंह, देविका, बसन्त सिंह, यमुना देवी, कृष्ण कुमार मीरा देवी , सूर्यकांत नेहा, भीम सिंह सरस्वती, चन्द्रकान्त सिंह सुभषिनी, उधोसिंह केजाबाई, उमेश सुशीला, सुनीता, शत्रुहन, राधिका, द्वारीका, पुष्प, ऋषि, पूजा, गजराज, दीपाक, वतन, विकी, पायल, कुसुम, पुरुषोत्तम सिंह, विद्वान सिंह, शेर सिंह, भोलाराम ,सुरेंद्र सिंह, जय राम, दुर्गा प्रसाद, विश्वजित सिंह, नीरा देवी ,चांदनी, हिमांशु तुषार, आस्था, देवेश ,शिखा, वेद, कन्हा ,जयंती ,कनक, अनन्य, माही, निकेत ,भव्य, गगन ,चित्रांश, यशवर्धन ,अंकीता, शुभम, मोहलाप, सेवती देवी, रामनाथ, यमुना ,नारायण ,विश्वासा यादव, विद्या देवी, दिगम्बर, चैनवती , जितेंद्र सिंह रामेस्वरी, सुदर्शन सिंह, भारती सहित परिवार के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।